▪ आश्विन शुक्लु - 1 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 71 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » गुरुवार » 03-10-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com




# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह फिर शीर्ष पर

6 दैविक ज्योति ज्ञान-विज्ञान को जागृत करने का अवसर नवरात्र

7 वेबसीरीज 'गांधी' का संगी तैयार करेंगे ए.आर. रहमा

## फर्स्ट टेक

### मणिपुर में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत, निषेधाज्ञा की गई लागू

**इंफाल/भाषा।** 'स्वच्छता अभियान' के तहत उखरुल शहर में एक भूखंड की सफाई को लेकर बुधवार को दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में ड्यूटी पर तैनात मणिपुर राइफल्स के एक कर्मी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। झड़प के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई और एक दिन के लिए शहर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। झड़प में पांच अन्य लोग घायल भी हो गए। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय से संबंध रखने वाले लेकिन अलग-अलग गांव के हैं तथा दोनों जमीन पर अपना दावा जताते हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को जिले में भेजा जा रहा है। झड़प शुरू होने के बाद, इसमें शामिल लोगों ने कई गोलियां चलाईं, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

### मणिपुर में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के तेंग्नौपाल जिले के सेनाम गांव में सुरक्षाबलों ने 21 बड़े और मध्यम आकार के इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) समेत भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि 10 बड़े, 11 मध्यम आकार के आईईडी, 42 देसी ग्रेनेड, हैंड ग्रेनेड, दो चीनी ग्रेनेड और 34 पेट्रोल बम बरामद हुए हैं। उसने बताया कि इसके अलावा एक देशी 'लेथोड' बंदूक, एक राइफल और पिस्तौल, दो पोंपी बंदूकें और डेटोनेटर बरामद किए गए हैं। मणिपुर में पिछले साल मई से मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हुई हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### नाइजीरिया में नौका पलटने से 100 से अधिक लोग लापता

**अबूजा/एपी।** उत्तर पश्चिमी नाइजीरिया में क्षमता से अधिक भरी एक नौका के पटलने से 100 से अधिक लोग लापता हो गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। नाइजर राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, स्थानीय स्तर पर निर्मित नाव की क्षमता 100 यात्रियों की थी लेकिन इसमें हादसे के वक्त लगभग 300 लोग सवार थे। यह नौका सोमवार रात को नाइजर राज्य के मोक्वा जिले में नाइजर नदी में पलट गई। स्थानीय मीडिया ने बताया कि अब तक नदी से 11 शव बरामद किये गये हैं, जिनमें नौ पुरुष और दो महिलाएं हैं।

| 03-10-2024 | 04-10-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:57 बजे | सूर्योदय 5:58 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 84,266.29 | 25,796.90 |
| (-33.49) | (-13.95) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,953 रु. | 101,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# विकसित भारत की यात्रा को मजबूत करेगा स्वच्छ भारत अभियान : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान को इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जन आंदोलन करार दिया और कहा कि 'विकसित भारत' की यात्रा में हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा।

स्वच्छ भारत अभियान आरंभ होने के 10 साल पूरे होने के अवसर पर यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वच्छता और सफाई से संबंधित 9,600 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को हर नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए भावी



पीढ़ियों में इस मूल्य का संचार करने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा, ''आज से एक हजार साल बाद भी जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जनभागीदारी, जन नेतृत्व वाला जन आंदोलन है। इस मिशन ने मुझे ईश्वररूपी जनता-जनार्दन की साक्षात ऊर्जा के भी दर्शन कराए हैं।'' उन्होंने कहा, ''विकसित भारत की यात्रा में हमारा हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा।''

### प्रधानमंत्री ने असम में चार बायो-गैस संयंत्र की आधारशिला रखी

**गुवाहाटी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम में 'ऑयल इंडिया लिमिटेड' द्वारा चार संपीड़ित बायो-गैस (सीबीजी) संयंत्र के निर्माण के लिए बुधवार को आधारशिला रखी। यह कार्यक्रम देशभर में सीबीजी के कई संयंत्रों के लिए नींव रखने के समारोह का हिस्सा था, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री ने डिजिटल माध्यम से की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ भारत दिवस के मौके पर एक सतत और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा परिदृश्य को बढ़ावा देना है। असम में ये संयंत्र गुवाहाटी, जोरहाट, शिवसागर और तिनसुकिया में बनाए जाएंगे।

### पाकिस्तानी फिल्म 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' भारत में नहीं होगी रिलीज

**कराची/भाषा।** पाकिस्तानी में अच्छी खासी कमाई करने वाली फवाद खान और माहिरा खान अभिनीत फिल्म 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' भारत के पंजाब राज्य में बुधवार को रिलीज नहीं होगी, जिसके संबंध में पहले ही घोषणा कर दी गई थी। फिल्म के वितरण धारक (डिस्ट्रीब्यूशन होल्डर) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। नदीम मांडवीवाला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि भारत के एक मंत्रालय ने फिल्म की रिलीज के खिलाफ एक अदालत से स्थगन आदेश प्राप्त किया है, इसलिए अब इसकी रिलीज रोक दी गई है। मांडवीवाला ने कहा, ''दुर्भाग्य से इसकी रिलीज एक बार फिर रुक गई है और जब तक अदालत अपना फैसला नहीं सुना देती, तब तक कोई कुछ नहीं कर सकता।'' पाकिस्तान के शीर्ष वितरकों, प्रदर्शकों और सिनेमा मालिकों में से एक मांडवीवाला ने कहा कि जब भी भारत में फिल्म की रिलीज संभव होगी, तो यह पाकिस्तानी उद्योग के लिए एक बड़ा कदम होगा।

## वांगचुक को हिरासत से रिहा किया गया, अनशन तोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और लद्दाख के कई अन्य लोगों ने महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर बुधवार शाम श्रद्धांजलि अर्पित की और बताया कि उन्हें पुलिस हिरासत से रिहा कर दिया गया है। इसी के साथ उन्होंने अपना अनशन भी समाप्त कर दिया। वांगचुक ने बताया कि उनके समूह ने अपनी मांगों को सूचीबद्ध करते हुए सरकार को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि हमें जल्द शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया गया है। वांगचुक ने बताया कि हमने अपना अनशन खत्म कर दिया है।




उन्होंने महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों से कहा, ''हमने सरकार को एक ज्ञापन सौंपा है कि लद्दाख के लिए ऐसे प्रावधान किए जाएं जिससे इसकी पारिस्थितिकी को संरक्षित किया जा सके और इस प्रावधान के लिए छठी अनुसूची है, जो स्थानीय लोगों को संसाधनों पर शासन और प्रबंधन का अधिकार देती है।''

वांगचुक ने कहा, ''हिमालय में स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया जाना चाहिए क्योंकि वे ही इसका सबसे अच्छी तरह संरक्षण कर सकते हैं।



## आज की दुनिया में गांधीवादी दर्शन और अधिक प्रासंगिक : बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी कहा कि दुनिया की वर्तमान व्यवस्था में गांधीवादी दर्शन अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि बापू द्वारा दिखाया गया आध्यात्मिकता और आत्मनिर्भरता का मार्ग भारत को विकसित तथा आत्मनिर्भर बनाने में देश का मार्गदर्शन करेगा। बिरला ने पुराने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। शास्त्री की भी आज जयंती है।

लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, गांधी जयंती के अवसर पर बिरला ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। बिरला ने केन्द्रीय कक्ष में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ''महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हम सभी को निस्वार्थ भाव से देश की सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है।'' उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में सत्य, अहिंसा और नैतिकता के सिद्धांतों के साथ स्वतंत्रता के लिए किए गए जन आंदोलन से न केवल भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई, बल्कि इन्हीं सिद्धांतों से अन्य देशों को भी शांति और विकास की दिशा में मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलती रही है।

बिरला ने इस बात पर जोर दिया, ''आज दुनिया में गांधीवादी आदर्श और सिद्धांत और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।'' उनका कहना था कि महात्मा गांधी द्वारा दिखाया गया आध्यात्मिकता और आत्मनिर्भरता का मार्ग भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में देश का मार्गदर्शन करेगा। उन्होंने छात्रों से निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने के लिए गांधीवादी शिक्षाओं और दर्शन को अपनाने और अपने जीवन में उनका पालन करने का आह्वान भी किया।

### दिल्ली पुलिस ने 565 किलोग्राम कोकीन जब्त की, चार व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने शहर में मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी खेप पकड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की गई है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2,000 करोड़ रुपए है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के दल ने दक्षिण दिल्ली के महरौली से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और 565 किलोग्राम से अधिक वजन की खेप जब्त की। अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोकीन बेचने की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि विशेष प्रकोष्ठ का दल एक गुप्त सूचना के आधार पर दो महीने से अधिक समय से इस पर काम कर रहा था।

## विदेश में अपराध से कमाई के बदले देश में संपत्ति कुर्क कर सकती है ईडी : उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धनशोधन जांच के तहत और देश के आर्थिक हित में, आपराधिक गतिविधियों के जरिए विदेश में बनाई गई संपत्तियों के बदले देश में उपलब्ध उसके बराबर मूल्य की वैध संपत्तियों को कुर्क कर सकता है।

अदालत ने चेन्नई स्थित तीन कंपनियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही, जिसमें तर्क दिया गया था कि उनसे संबंधित व्यक्तियों और शेयरधारकों द्वारा किए गए कथित अपराधों के लिए उन्हें 'उत्तरदायी' नहीं ठहराया जा सकता है। इन कंपनियों ने कहा कि ईडी द्वारा जब्त की गई उनकी संपत्तियां उनसे जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी अपराध के काफी पहले खरीदी गई थीं।

न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति वी शिवगनम की खंडपीठ ने मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 2(1)(यू) के तहत यह पूरी तरह स्पष्ट है कि ऐसी किसी संपत्ति या उसके समतुल्य मूल्य की 'देश या विदेश में रखी गई' संपत्ति का मूल्य भी 'अपराध से आय ' के रूप में समझा जाएगा। अदालत ने कहा कि इसलिए उक्त धारा के तहत बताई गई परिस्थितियां यह हैं कि किसी व्यक्ति द्वारा अनुसूचित अपराध से संबंधित आपराधिक गतिविधि के परिणामस्वरूप अर्जित की गई संपत्ति को अपराध की आय माना जा सकता है।

उच्च न्यायालय ने 14 पृष्ठों के अपने फैसले में कहा, ''ऐसी किसी संपत्ति का मूल्य या यदि ऐसी संपत्ति देश के बाहर ली गई है या रखी गई है... तो देश के भीतर समान मूल्य की संपत्ति को अपराध की आय समझा जा सकता है। इसलिए, आपराधिक गतिविधि के परिणामस्वरूप कुछ संपत्तियां देश के बाहर रखी गई हैं, तो देश के भीतर रखी गई समान मूल्य की संपत्ति को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जब्त किया जा सकता है।''

## जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री से मुलाकात की, द्विपक्षीय सहयोग, पश्चिम एशिया, यूक्रेन पर बात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाशिंगटन/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन ने वाशिंगटन में मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने, पश्चिम एशिया में स्थिति एवं भारतीय उपमहाद्वीप में हाल के घटनाक्रमों, हिंद-प्रशांत तथा यूक्रेन समेत कई क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने के बाद जयशंकर पहली बार अमेरिका की राजधानी की यात्रा पर हैं। उन्होंने मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुख्यालय 'फॉगी बॉटम' में ब्लिंकन से मुलाकात की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा, ''आज वाशिंगटन डीसी में विदेश मंत्री ब्लिंकन के साथ बातचीत करके बहुत खुशी हुई। हमने डेलावेयर द्विपक्षीय और क्वाड बैठकों पर चर्चा की। हमारी चर्चाओं में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना, पश्चिम एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप, हिंद-प्रशांत और यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा हुई।'' मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हालिया द्विपक्षीय बैठक का जिक्र किया।

## इजराइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ जमीनी अभियान शुरू किया

### लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ अभियान में आठ इजराइली सैनिकों की मृत्यु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दीर अल-बला (गाजा पट्टी)/एपी।** लेबनान में हिजबुल्ला आतंकवादियों के खिलाफ इजराइल की जमीनी लड़ाई में बुधवार को आठ इजराइली सैनिक मारे गए। वहीं क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है क्योंकि इजराइल ने ईरान द्वारा एक दिन पहले किए गए बैलिस्टिक मिसाइल हमले का जवाब देने की प्रतिबद्धता जतायी है। इजराइली सेना ने कहा कि दो अलग-अलग हमलों में सात सैनिक मारे गए, लेकिन उसने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। ये



हमले पिछले कुछ महीनों में इजराइली सेना के खिलाफ़ हुए सबसे घातक हमलों में से एक थे।

एक सैन्य चिकित्सक सहित सात अन्य सैनिक घायल हो गए। इससे पहले, इजराइली सेना ने यह भी घोषणा की थी कि एक सैनिक लेबनान में लड़ाई में मारा गया और वह कमांडो ब्रिगेड का 22 वर्षीय कैप्टन था। यह नवीनतम अभियान की शुरुआत के बाद से इस तरह की पहली मौत है।

यह घोषणाएं ऐसे समय की गई जब कल यहूदी नववर्ष रोश हशाना है।

गाजा में लगभग एक साल से युद्ध जारी है और इसका कोई अंत नहीं दिख रहा है।

### संरा प्रमुख गुतारेस को इजराइल में किया गया प्रतिबंधित

**दीर अल-बला (गाजा पट्टी) /एपी।** इजराइल के विदेश मंत्री ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस पर उनके देश के खिलाफ पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह उनके इजराइल में घुसने पर रोक लगा रहे हैं। विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि वह एंतोनियो गुतारेस को ''अवांछित व्यक्ति'' घोषित कर रहे हैं और उन्हें इजराइल में प्रवेश करने से रोका जाएगा। इस कदम से इजराइल और संयुक्त राष्ट्र के बीच पहले से जारी गतिरोध और बढ़ गया है।

### जी-7 आपात बैठक

### ईरान के परमाणु स्थलों पर इजराइली हमले का समर्थन नहीं करूंगा : जो बाइडन

**जॉइंट बेस एंड्रयूस (अमेरिका) /एपी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित स्थलों पर इजराइल के किसी हमले का समर्थन नहीं करेंगे। बाइडन से बुधवार को जब पूछा गया कि ईरान द्वारा मंगलवार को इजराइल पर लगभग 180 मिसाइल दागे जाने के बाद क्या वह इस तरह की जवाबी कार्रवाई का समर्थन करेंगे तो उन्होंने कहा, ''इसका जवाब 'ना' है।'' बाइडन ने यह टिप्पणी ऐसे समय की है जब उनके और जी-7 के अन्य नेताओं ने बुधवार को ईरान के खिलाफ नए प्रतिबंधों के समन्वय पर फोन पर चर्चा की थी।



## भारत ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताई, सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति के बिगड़ने पर बुधवार को गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि संघर्ष को व्यापक रूप नहीं लेना चाहिए। इसके अलावा भारत ने अपने नागरिकों को ईरान की यात्रा से बचने की सलाह दी है।

ईरान ने इजराइली हमले में चरमपंथी संगठन हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह और अन्य कमांडरों की मौत के जवाब में इजराइल पर लगभग 200 मिसाइल दागी हैं, जिसके बाद भारत ने यह टिप्पणी की है।

ईरानी कार्रवाई के बाद, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

पश्चिम एशिया की ताजा स्थिति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सभी मुद्दों को हल करने की अपील दोहराई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हम पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति के बढ़ने से बहुत चिंतित हैं और सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने व आम लोगों की सुरक्षा की अपील दोहराते हैं। बयान में कहा गया है, क्षेत्रीय स्तर पर संघर्ष को व्यापक रूप नहीं लेना चाहिए। हम सभी मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल करने का आग्रह करते हैं। ईरान-इजराइल शत्रुता के मद्देनजर तनाव बढ़ने पर भारत ने अपने नागरिकों को ईरान की गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी। विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिकों से सतर्क रहने और तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने का भी आग्रह किया।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### चाइनीज चूं चूं

मिच्ची टुच्ची नजरों वाले,
करते चीनी चिंगचांगचूं।
दुश्मन हैं ये सब भारत के,
सरहद पर नित टिंगटांगटूं।
नहीं खरीदें चाइनीज यदि,
लगेंगे करने फिंगफांगफूं।
पेइचिंग बोलोगा तब झुक कर,
'मेक इन इंडिया' डिंगडांगडूं।।

# महात्मा गांधी के जीवन का संदेश मानव जाति के लिए शाश्वत मार्गदर्शक है : भूपेंद्र पटेल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पोरबंदर (गुजरात)/भाषा।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर पोरबंदर में उनके जन्मस्थान पर पुष्पांजलि अर्पित की।

पटेल ने कहा कि गांधीजी का जीवन संदेश शाश्वत है जो हमेशा मानव जाति के लिए मार्गदर्शक रहेगा। महात्मा गांधी की जन्मस्थली कीर्ति मंदिर में एक छोटे से संग्रहालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लेने के बाद पटेल ने सुदामा मंदिर परिसर में ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

केंद्रीय मंत्री एवं पोरबंदर के सांसद मनसुख मांडविया भी इस मौके पर मौजूद थे। पटेल ने कहा, ''महात्मा गांधी के आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण और पर्यावरण संबंधी आदर्शों का पालन करके भारत को एक विकसित और उन्नत राष्ट्र बनना चाहिए। प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी इन आदर्शों पर काम कर रहे हैं।'' उन्होंने भारत को एक विकसित, उन्नत और शाश्वत राष्ट्र बनाने के लिए गांधी द्वारा प्रतिपादित नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

पटेल ने कहा, ''पूज्य बापू का जीवन दुनिया को अहिंसा का संदेश है। महात्मा गांधी ने समाज के हाशिये के लोगों को जोड़कर ग्राम उत्थान का विचार दिया।'' उन्होंने कहा कि गांधी ने प्रार्थना को ''आत्मा के लिए भोजन'' के रूप में इस्तेमाल किया, जो आत्मबोध के लिए आवश्यक है।

पटेल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''दुनिया भर से लोग कीर्ति मंदिर आते हैं और सर्व-धर्म प्रार्थना के माध्यम से नई शक्ति प्राप्त करते हैं। राष्ट्रपिता की जयंती पर, लाखों लोग उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनका जीवन संदेश शाश्वत है जो हमेशा मानव जाति के लिए मार्गदर्शक रहेगा।'' उन्होंने लिखा, ''आइये, हम सभी गांधीजी के मूल्यों को आत्मसात करें और स्वतंत्रता के इस अमृत काल में एक विकसित भारत – एक विकसित गुजरात बनाने के लिए मिलकर काम करें।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 10 साल पहले शुरू किया गया स्वच्छ भारत मिशन देश के हर दरवाजे तक पहुंच गया है और लोगों को स्वच्छता के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया है।

मांडविया ने कहा कि गांधी के अहिंसा, स्वच्छता, बुनियादी शिक्षा, अर्थव्यवस्था, अंत्योदय और एक आदर्श समाज के दृष्टिकोण का पालन करके प्रधानमंत्री भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

मांडविया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर नमन। सत्य, अहिंसा और सामाजिक कल्याण के उनके विचार और आदर्श हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं। उनके बताये रास्ते पर चलकर हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।''

# वर्ष 2029 तक स्वच्छ आंध्र प्रदेश बनाने का संकल्प लें : नायडू ने किया आह्वान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मछलीपट्टनम (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को राज्य के लोगों से 2029 तक 'स्वच्छ आंध्र प्रदेश' बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि सभी को बिना किसी समझौते के इसे अपना लक्ष्य बनाना चाहिए। गांधी जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के दौरान कृष्णा जिले के मछलीपट्टनम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा, ''आज हमें संकल्प लेना होगा कि 2029 तक आंध्र प्रदेश को स्वच्छ आंध्र प्रदेश बनाना है। हमें इसे अपना लक्ष्य बनाना चाहिए। इसमें कोई समझौता नहीं है।''

स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए नायडू ने कहा कि वह कचरा साफ करने के लिए निगरानी कैमरों और ड्रोन का उपयोग करने के एक नये विचार पर गौर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगी कि कोई कचरा न रहे। उन्होंने विजयवाड़ा में हाल में आई बाढ़ के दौरान ड्रोन की अत्यधिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान ड्रोन का उपयोग भोजन के पैकेट गिराने और कचरे की पहचान कर उसे साफ करने के लिए ट्रैक्टर भेजने के लिए किया गया। इससे पहले, नायडू ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और सफाई कर्मचारियों, स्कूली छात्रों और अन्य लोगों के साथ सड़कों पर सफाई की।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री नायडू ने घोषणा की कि आज से राज्य में कचरे पर कोई कर नहीं लगेगा। उन्होंने इस मामले को कैबिनेट में पेश करने और इस संबंध में आदेश पारित करने का वादा किया। बाद में, मुख्यमंत्री ने मछलीपट्टनम बंदरगाह के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया।



# आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने तिरुमला में 11 दिवसीय तपस्या संपन्न की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण बुधवार को यहां तिरुमला मंदिर पहुंचे और अपनी 11 दिवसीय तपस्या (प्रायश्चित दीक्षा) संपन्न की, जो उन्होंने पूर्ववर्ती युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार के कथित पापों का प्रायश्चित करने के लिए की थी। उपमुख्यमंत्री के साथ उनकी बेटियां आध्या कोनिडेला और पलिना अंजनी कोनिडेला भी मौजूद थीं।

एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ''सनातन धर्म (हिंदू धर्म) की रक्षा के लिए 11 दिन की तपस्या करने वाले उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने बुधवार को श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए और अपनी तपस्या संपन्न की।''

अपनी यात्रा के दौरान, उपमुख्यमंत्री अपने साथ भगवान के लिए 'वाराही घोषणा' लेकर पहुंचे, जिसके बारे में वह बृहस्पतिवार को तिरुपति में एक बैठक में बताएंगे। जनसेना की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ''उपमुख्यमंत्री एवं जनसेना अध्यक्ष पवन कल्याण ने आज तिरुमला श्रीवारी (भगवान) के दर्शन किए। पवन कल्याण अपने साथ वाराही घोषणा की फाइल भी लेकर पहुंचे।''

कल्याण फिलहाल मंदिर की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। भगवान के दर्शन के बाद जनसेना के संस्थापक ने माताश्री तारिगोंडा वेंगामाम्बा नित्य अन्नदाना केंद्र में दोपहर का भोजन किया।

मंदिर में जाने से पहले कल्याण की सबसे छोटी बेटी पलिना अंजनी कोनिडेला ने तिरुमला मंदिर में घोषणा की कि वह भगवान वेंकटेश्वर में आस्था रखती हैं।

बताया जाता है कि उपमुख्यमंत्री की सबसे छोटी बेटी पलिना अंजनी कोनिडेला हिंदू नहीं हैं। तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर के आधिकारिक संरक्षक तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के नियमों के अनुसार गैर-हिंदुओं को मंदिर में जाने से पहले भगवान में अपनी आस्था की घोषणा करनी होती है। जनसेना की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ''पलिना अंजनी कोनिडेला ने तिरुमाला में श्रीवारी (भगवान) के दर्शन के लिए घोषणापत्र दिया। उन्होंने टीटीडी कर्मचारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। चूंकि पलिना अंजनी नाबालिग हैं, इसलिए उनके पिता पवन कल्याण ने भी दस्तावेजों पर अपनी सहमति दर्ज कराई है।''

यह घोषणा इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कई हिंदू संगठनों ने मांग की थी कि ईसाई धर्म से ताल्लुक रखने वाले वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी को मंदिर की यात्रा से पहले इसी तरह का घोषणा पत्र जारी करना चाहिए। हालांकि यह यात्रा रद्द कर दी गई थी।

# एयर इंडिया ने चालक दल के सदस्यों के लिए नई नीति पेश की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

एअर इंडिया AIR INDIA

**मुंबई/भाषा।** एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के चालक दल के सदस्यों (केबिन क्रू) के लिए एक संशोधित नीति पेश कर रही है। एक सूत्र ने कहा कि इसके तहत कुछ वर्गों के सदस्यों को विश्राम के दौरान कमरे साझा करने होंगे। संशोधित नीति एयर इंडिया एक्सप्रेस पर लागू नहीं होगी, जिसने एआईएक्स कनेक्ट का अपने साथ विलय कर लिया है।

सूत्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के केबिन क्रू के भत्ते को 75-125 डॉलर से बढ़ाकर 85-135 डॉलर किया जाएगा। घरेलू उड़ानों के केबिन क्रू के भत्ते में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया और विस्तारा के विलय की औपचारिकता पूरी होने के साथ दोनों संगठनों के कर्मचारियों के लिए इन नीतियों में सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता है।

प्रवक्ता ने कहा, इसके तहत हमने एयर इंडिया कर्मचारियों पर लागू होने वाले परिवर्तनों के बारे में जानकारी दे दी है। संशोधित वेतन और लाभ प्रतिस्पर्धी बने रहेंगे और उद्योग मानकों के अनुरूप होंगे। सूत्र ने बताया कि संशोधित नीति के तहत, उड़ान के दौरान प्रबंधक और अधिकारियों को छोड़कर केबिन क्रू के सदस्यों को विश्राम के दौरान कमरे साझा करने होंगे। उड़ान प्रबंधक और अधिकारी आमतौर पर कम से कम आठ-नौ साल के अनुभव वाले वरिष्ठ लोग होते हैं।

हालांकि, एयर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा में केबिन क्रू के लिए कमरा साझा करने की व्यवस्था पहले से ही है। हालांकि, यह पहली बार होगा जब टाटा समूह के स्वामित्व वाली घाटे में चल रही एयर इंडिया में ऐसी व्यवस्था शुरू की जाएगी। नीति में यह बदलाव एयर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू सदस्यों के एक वर्ग द्वारा श्रम कानून के तहत अपने मानव संसाधन मुद्दों के समाधान की मांग के बीच किया गया है। यह मामला केंद्रीय श्रम आयुक्त के समक्ष विचाराधीन है। इस बीच, एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि एयरलाइन ने अप्रैल, 2023 में सभी कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन-आधारित मुआवजा और लाभ नीति पेश की थी।

## गोवा में पर्यटन सीजन शुरू, दो चार्टर्ड विमानों में सवार होकर पहुंचे 488 रूसी पर्यटक

**पणजी/भाषा।** गोवा में बुधवार को पर्यटन सीजन की शुरुआत दो चार्टर्ड विमानों में सवार होकर पहुंचे 488 रूसी पर्यटकों के आगमन के साथ हुई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गोवा पर्यटन विभाग ने तटीय राज्य के मोपा स्थित मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने वाले पर्यटकों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खाउंटे ने अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहली बार है कि पर्यटकों के आने से बहुत पहले ही समुद्र तट पर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जबकि पहले ऐसा नहीं होता था।

उन्होंने कहा कि गोवा हमेशा से ही पर्यटकों के लिए पसंदीदा स्थान रहा है। मंत्री ने कहा कि पिछले सीजन में राज्य में एक करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे।

# अनिल अंबानी का रिलायंस समूह भूटान में लगाएगा 1,270 मेगावाट की परियोजनाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

Reliance

**नई दिल्ली/भाषा।** अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह ने बुधवार को भूटान में उतरने की घोषणा करते हुए कहा कि वह पड़ोसी देश में 1,270 मेगावाट की सौर एवं पनबिजली परियोजनाएं स्थापित करेगा।

समूह ने एक बयान में भूटान सरकार की वाणिज्यिक एवं निवेश शाखा ड्रुक होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (डीएचआई) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी समझौता करने की जानकारी दी। इसका उद्देश्य भूटान के नवीकरणीय और हरित ऊर्जा परिदृश्य में निवेश को बढ़ावा देना है। रिलायंस समूह और ड्रुक होल्डिंग के बीच साझेदारी में हरित ऊर्जा उत्पादन, खासकर सौर एवं पनबिजली पहल पर ध्यान केंद्रित करने के साथ अभिनव हरित प्रौद्योगिकियों की खोज भी की जाएगी। भूटान के नवीकरणीय और हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए रिलायंस समूह ने एक नई कंपनी 'रिलायंस एंटरप्राइजेज' बनाई है। इसे मुंबई में सूचीबद्ध रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड संयुक्त रूप से प्रवर्तित करेंगी। रिलायंस एंटरप्राइजेज अगले दो वर्षों में दो चरणों में 500 मेगावाट का सौर संयंत्र स्थापित करेगी। यह संयंत्र भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में स्थापित किया जाएगा।

## चमोली के लापता सैनिक का शव 56 साल बाद बर्फ में दबा मिला

**गोपेश्वर/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के रोहतांग के पास 56 साल पहले हुए विमान हादसे के बाद से लापता भारतीय सेना के मेडिकल कोर के जवान नारायण सिंह का पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार को चमोली जिले में स्थित उनके गांव के पैतृक घाट पर अंतिम संस्कार के लिए लाया जाएगा। अधिकारियों ने यहां बताया कि सेना के तलाशी अभियान में बर्फ में दबे मिले चार सैनिकों के शवों में चमोली जिले की थराली तहसील के कोलपुड़ी गांव के नारायण सिंह का शव भी शामिल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सात फरवरी 1968 को चंडीगढ़ से लद्दाख जा रहा भारतीय वायुसेना का विमान रोहतांग के आसपास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें सवार सभी लोग लापता हो गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि गांव के पैतृक घाट पर शहीद सैनिक का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# ठाणे : मध्याह्न भोजन खाने से 45 बच्चे बीमार पड़े, स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ठाणे (महाराष्ट्र)/भाषा।** महाराष्ट्र में ठाणे शहर के समीप एक निजी विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने के बाद संदिग्ध रूप से खाद्य विषाक्तता के कारण 45 बच्चों के बीमार पड़ने के बाद पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

शुरुआत में आठ से 11 वर्ष की आयु के 38 बच्चों को मंगलवार को दोपहर के भोजन के बाद चक्कर आने, मितली, सिरदर्द और पेट में दर्द होने की शिकायत के बाद कलवा शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों ने बताया कि देर रात को सात और बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिससे अभी तक अस्पताल में भर्ती कराए बच्चों की संख्या 45 हो गयी है। एक अधिकारी ने बताया कि एक बच्चे के माता-पिता की शिकायत पर कलवा पुलिस ने स्कूल प्रबंधन तथा खाद्य आपूर्तिकर्ता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 (लापरवाही से निजी सुरक्षा या दूसरों की जान खतरे में डालना) और खाद्य एवं औषधि प्रशासन नियमों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गयी है और जांच जारी है। अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध मलगांवकर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि 37 बच्चों की हालत ठीक है और 24 घंटे भर्ती करने के प्रोटोकॉल के बाद उन्हें शाम को छुट्टी दे दी जाएगी।

## नक्सली सीआरपीएफ शिविरों पर हमले के लिए पटाखों और अगरबत्ती का कर रहे इस्तेमाल

**नई दिल्ली/भाषा।** माओवादी देश के वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में दूरदराज के इलाकों में सुरक्षा बलों के शिविरों पर हमला करने के लिए दिवाली के पटाखे और अगरबत्ती का इस्तेमाल कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रॉकेट और बंदूक से हमला करने से पहले शिविर में तैनात जवानों का ध्यान भटकाने के वास्ते अगरबत्ती से पटाखे फोड़ने की यह चाल 25 सितंबर को तेलंगाना के कोठागुडेम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पुसुगुप्पा शिविर के आसपास देखी गई। नक्सल विरोधी अभियान में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उस दिन शाम करीब 6.30 बजे जब अंधेरा छाने लगा तो तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित शिविर में तैनात जवानों को अपने शिविर की सीमा से करीब 200 मीटर की दूरी पर विस्फोटों की आवाज सुनाई दी और धुआं दिखाई दिया।

अधिकारी ने बताया कि घने जंगल वाले क्षेत्र में इसे नक्सलियों का हमला समझकर जैसे ही सीआरपीएफ जवानों ने मोर्चा संभाला, वैसे ही छिपे हुए माओवादी समूहों ने गोलीबारी की और रॉकेट या बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) से विस्फोट किया। सैनिकों ने इंसास और एके राइफलों से जवाबी गोलीबारी की। करीब 45 मिनट तक आवाजें आती रहीं और गोलीबारी जारी रही जिसके बाद जवानों को पता चला कि नक्सली पीछे हट गए हैं। दिल्ली में मौजूद एक अन्य अधिकारी ने बताया कि शिविर के बाड़ को कुछ नुकसान पहुंचा लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने इजराइली समकक्ष को यहूदी नववर्ष की बधाई दी

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को अपने इज़राइली समकक्ष आईजैक हर्ज़ोग और यहूदी समुदाय को उनके नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अंग्रेजी और हिब्रू भाषा में किए गए पोस्ट में लिखा, माननीय आईजैक हर्ज़ोग भारत सरकार और भारत के लोगों की ओर से, मैं आपको और इजराइल तथा विश्व भर के समस्त यहूदी समुदाय को 'रोश हशनाह' की शुभकामनाएं देती हूं।

## महाराष्ट्रः देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, थाईलैंड की 15 महिलाओं को छुड़ाया गया

**ठाणे/भाषा।** ठाणे पुलिस के जबरन वसूली रोधी प्रकोष्ठ ने जिले के एक लॉज पर छापा मारकर देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ किया और 15 महिलाओं को छुड़ाया। महिलाएं थाईलैंड की नागरिक हैं। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि तड़के छापेमारी के दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। उल्हासनगर इलाके में एक लॉज में वेश्यावृत्ति का धंधा चलने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने पहले एक फर्जी ग्राहक को वहां भेजा और फिर वहां छापा मारा।

# प. एशिया में तनाव बढ़ने से प्रभावित हो सकता है कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यापार : निर्यातक



**नई दिल्ली/भाषा।** निर्यातकों का कहना है कि पश्चिम एशियाई क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से पहले से ही ऊंची लॉजिस्टिक्स लागत और बढ़ने के साथ ही कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यापार को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध में सीधे तौर पर शामिल देशों को निर्यात के लिए बीमा लागत भी बढ़ सकती है, जिसका भारतीय निर्यातकों की कार्यशील पूंजी पर असर पड़ेगा।

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि संघर्ष पहले से ही इजरायल, जॉर्डन और लेबनान जैसे देशों के साथ भारत के व्यापार को नुकसान पहुंचा रहा है। निर्यातकों के प्रमुख संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) ने कहा कि ईरान-इजरायल संघर्ष में कई तरीकों से विश्व व्यापार और वैश्विक अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने की क्षमता है। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, ''ईरान तेल बाजार में एक प्रमुख कारोबारी है। संघर्ष में कोई भी वृद्धि तेल की आपूर्ति को बाधित कर सकती है, जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा, खासकर उनपर जो तेल आयात पर निर्भर हैं। तेल की कीमतें पहले ही चार डॉलर प्रति बैरल बढ़ चुकी हैं।'' उन्होंने कहा कि तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में अस्थिरता आ सकती है, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे व्यापार मार्ग प्रभावित हो सकते हैं, जिसके माध्यम से दुनिया के कच्चे तेल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गुजरता है।

सहाय ने कहा, ''व्यवधानों के कारण शिपिंग लागत और देरी बढ़ सकती है। कई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पश्चिम एशिया की स्थिरता पर निर्भर करती हैं। यह संघर्ष परिवहन और लॉजिस्टिक्स को बाधित कर सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कृषि तक के उद्योग प्रभावित हो सकते हैं।''

# यह लड़ाई अन्याय और दुष्टों के खिलाफ है, भाजपा को सत्ता से हटाना है : प्रियंका गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को हरियाणा के लोगों से पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का आह्वान किया और कहा कि यह ''दुष्टों, अन्याय और असत्य'' के खिलाफ लड़ाई है। प्रियंका ने हरियाणा के जुलाना में अपनी पार्टी की उम्मीदवार और ओलंपिक पहलवान विनेश फोगाट के पक्ष में प्रचार करने के दौरान एक रैली को संबोधित किया।

रोजगार, अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना और किसानों के कल्याण सहित अन्य मुद्दों को लेकर राज्य की भाजपा नीत सरकार पर हमला करते हुए प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने हर स्तर पर लोगों को ''धोखा'' दिया है। उन्होंने कहा, ''कुरुक्षेत्र की लड़ाई और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ाई जैसा मौका फिर आ गया है। आज ये आपकी लड़ाई है, जो अन्याय, असत्य और दुष्टों के खिलाफ है। आपको खड़ा होना होगा, अपने अंदर झांकना होगा और देखना होगा कि क्या हो रहा है।'' कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार केवल मुट्ठी भर उद्योगपतियों के लाभ के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार रोजगार के अवसर पैदा करने में असमर्थ है, क्योंकि इसने ''सब कुछ अंबानी और अदाणी को दे दिया है।'' उन्होंने कहा, ''सभी बंदरगाह, भूमि, उद्योग, हवाई अड्डे बड़े उद्योगपतियों को दे दिए गए हैं।''

कांग्रेस नेता ने कहा कि आज छोटे व्यवसायों और कृषि क्षेत्र से रोजगार के कोई अवसर पैदा नहीं हो सकते। उन्होंने दावा किया, ''यह (भाजपा सरकार) रोजगार देने का काम नहीं कर सकती, क्योंकि इसकी नीतियां इसके (रोजगार सृजन) खिलाफ हैं।''

# महात्मा गांधी के मार्ग पर चल रही है मोदी की सरकार

## राहुल द्वारा गांधी के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारतीय स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी, अपना जीवन इस उद्देश्य के लिए समर्पित कर दिया और दूसरों का मार्गदर्शन किया। हालाँकि, कांग्रेस पार्टी, जिसने अपने परिवार, विशेष रूप से इतालवी राजकुमार और विपक्षी नेता राहुल के लिए गांधी के नाम पर एकाधिकार कर लिया है, भारत और उसके लोगों के लिए हानिकारक झूठी जानकारी और विभाजनकारी विचारधारा फैला रही है, जिससे राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुँच रहा है। महात्मा गांधी इतालवी सोनिया परिवार और कांग्रेस पार्टी को झूठ फैलाने के लिए कभी माफ नहीं करेंगे।

प्रवक्ता ने अपने बयान में बताया कि महात्मा गांधी का स्वतंत्र भारत का सपना समानता, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण के आधार पर बना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से इस सपने को साकार करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री जन धन योजना ने बैंकिंग सेवाओं को बैंक रहित गरीबों के दरवाजे तक पहुंचाया है, जिससे उन्हें वित्तीय समावेशन और सुरक्षा मिली है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने छोटे उद्यमियों और व्यवसायों को ऋण प्राप्त करने में सक्षम बनाया है, जिससे उद्यमिता और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है। स्टैंड अप इंडिया पहल अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और महिला उद्यमियों को ऋण प्रदान करती है, जिससे सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा मिलता है।

प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ने पूरे भारत में स्वच्छता और स्वास्थ्य में क्रांति ला दी है, जिससे लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है, सामाजिक मानदंडों और रूढ़ियों को चुनौती देती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है, जिससे उन्हें घर के अंदर वायु प्रदूषण की बेड़ियों से मुक्ति मिलती है।

प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने गांधी के समानता, न्याय और सामाजिक कल्याण के सिद्धांतों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता दिखाई है। गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाकर, उनकी सरकार का लक्ष्य अधिक समावेशी और समृद्ध भारत बनाना है। भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, वहीं प्रधानमंत्री मोदी की सरकार गांधी के आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

इन पहलों के माध्यम से भारत गांधी के आत्मनिर्भर, समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज के सपने को साकार करने के करीब पहुंच रहा है। हालाँकि, इन तथ्यों को समझने के बावजूद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी महात्मा गांधी के सपनों, विचारों और नीतियों का खंडन करते हुए मोदी की आलोचना करना जारी रखते हैं।

राहुल को अपना नाम महात्मा गांधी के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, क्योंकि उनके कार्य गांधी के सपनों, विचारों और नीतियों के विपरीत हैं। राहुल के कार्य भारत की एकता और विविधता के खिलाफ हैं और भारतीय लोगों के हितों को नुकसान पहुंचाते हैं। सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को राहुल को गांधी नाम का इस्तेमाल करने से सावधान करना चाहिए, जिसका उन्होंने अपनी विभाजनकारी राजनीति और झूठे वादों के बावजूद फायदा उठाया है।



# दक्षिण रेलवे ने स्वच्छता भारत दिवस मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन ने 2 अक्टूबर को पुरात्ची तलैवर डॉ एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन और गांधी जयंती मनाने के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत दिवस मनाया।

दक्षिण रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक कौशल किशोर ने मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, बी. विश्वनाथ ईर्या, मंडल रेल प्रबंधक; तेज प्रताप सिंह; अंकुर चौहान, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक; चेन्नई डिवीजन के शाखा अधिकारी और कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में स्कूल और कॉलेज के छात्रों, एनसीसी कैडेट्स, एनजीओ के सदस्यों और रेल यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के उपलक्ष्य में दक्षिण रेलवे के अपर महाप्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। मंडल रेल प्रबंधक बी. विश्वनाथ ईर्या ने स्वागत भाषण देते हुए स्वच्छ भारत दिवस समारोह की शुरुआत की।

इस कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारियों द्वारा देशभक्तिपूर्ण प्रदर्शन, प्रसिद्ध कलाकार एम.ए. शंकरलिंगम द्वारा महात्मा गांधी का 10 मिनट का चित्र तथा हस्ताक्षर अभियान शामिल थे। स्वच्छता पर जोर देने वाले चित्र और पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया गया तथा गांधीजी के जीवन पर आधारित एक फोटो प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन अपर महाप्रबंधक ने किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान किए गए, जिनमें स्काउट्स और गाइड्स, एनजीओ, एनएसएस और एनसीसी कॉलेज के छात्र शामिल थे।



# तिरुपति में ब्रह्मोत्सव की शुरुआत, आज अंकुरारोपणम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरूपति।** पारंपरिक, अंकुरार्पणम या अंकुरार्पणम या बीजवापनम वैखानस आगम के सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठानों में से एक है, जो अनिवार्य रूप से बीज स्विंग महोत्सव है जिसे 3 अक्टूबर को वार्षिक ब्रह्मोत्सवम से एक दिन पहले एक अनुष्ठान के रूप में तिरुमाला में मनाया जाता है।

इस अनुष्ठान का सार किसी त्यौहार को सफलतापूर्वक मनाने और मूल विराट की कृपा प्राप्त करने का संकल्प (इच्छा) करना है। ध्यान देने वाली एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि अंकुरार्पण कभी भी दिन के समय नहीं करना चाहिए। यह कहावत ज्योतिषीय सिद्धांतों पर आधारित है क्योंकि चंद्रमा को अक्सर पौधों का नियंत्रक सस्य कारक कहा जाता है। दिन के समय बीज बोना बुद्धिमानी नहीं माना जाता है। दरअसल, रात में चंद्र को मजबूत माना जाता है। इसके अलावा, नव धान्य बोने के लिए शुभ लग्न या मुहूर्त को भी ध्यान में रखना चाहिए। अंकुरार्पणम करते समय आमतौर पर सोने, चांदी, तांबे या मिट्टी से बने बर्तनों को पालिका के रूप में जाना जाता है। उन्हें यज्ञशाला में रखा जाता था और प्रत्येक बर्तन में बीज बोए जाते थे। बीजों का अंकुरित होना उस भव्यता को दर्शाता है जिसमें उत्सव मनाया जा रहा है।

# असंतुष्ट विधायक पी वी अनवर नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मलाप्पुरम।** असंतुष्ट विधायक पी. वी. अनवर ने बुधवार को कहा कि वह केरल में एक नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे, जो राज्य में आगामी सभी चुनाव लड़ेगी। नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र से वाम मोर्चा के उम्मीदवार के रूप में जीतने वाले अनवर के साथ माकपा ने सभी संबंध तोड़ लिए हैं।

विधायक ने कहा कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे एक आंदोलन का रूप ले चुके हैं, और यह आंदोलन एक राजनीतिक पार्टी में बदलेगा। उन्होंने कहा, इसलिए मैं एक नई राजनीतिक पार्टी बनाऊंगा। बिना पार्टी के आप चुनाव नहीं लड़ सकते। अनवर ने दावा किया कि राज्य के लाखों युवाओं का उन्हें समर्थन प्राप्त है और वे ही उनकी आशा हैं।

नीलांबुर के विधायक ने मलाप्पुरम जिले में सोने की तस्करी और हवाला मामलों के बारे में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के हाल के कथित बयानों का भी उल्लेख किया और आरोप लगाया कि ये हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकों और आरएसएस को खुश करने के लिए थे। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय (मुख्यमंत्रीओ) ने मंगलवार को स्पष्ट किया था कि विजयन ने कभी किसी विशेष स्थान या क्षेत्र का उल्लेख नहीं किया, न ही उन्होंने अपने कथित बयानों में राज्य विरोधी या राष्ट्र विरोधी गतिविधियों जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया।

मुख्यमंत्रीओ के स्पष्टीकरण को नाटक करार देते हुए अनवर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री और माकपा हालिया लोकसभा चुनावों में एलडीएफ की हार के बाद आरएसएस और हिंदुत्व संप्रदायवादियों को खुश कर रहे हैं, क्योंकि उनकी नजर वोटों पर है। अनवर ने विजयन और राज्य में सत्तारूढ़ माकपा पर अपने ताजा हमले में कहा, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा दे दें। अगर मैं उनकी जगह होता तो मैं भी इस्तीफा दे देता। पार्टी में मुख्यमंत्री बनने के योग्य अन्य लोग भी हैं।

उन्होंने यह टिप्पणी विजयन के मंगलवार को दिए उस बयान पर की है जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य में सत्तारूढ़ माकपा बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक 'सांप्रदायिकता' दोनों का विरोध करती है और किसी भी पक्ष के साथ समझौता नहीं करेगी। अनवर का पिछले कुछ हफ्ते से विभिन्न मुद्दों पर वामपंथी पार्टी और विजयन के साथ टकराव है।

प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बुधवार को कहा कि वह लोगों के बीच जाएंगे और इन मुद्दों को उनके सामने उठाएंगे।

अनवर ने कहा कि वे जिन मुद्दों को उठाने जा रहे हैं उनमें राज्य में बढ़ता मानव-पशु संघर्ष भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संघर्ष कुछ एजेंसियों और वन विभाग द्वारा रचा गया है और इसके पीछे एक साजिश है। विधायक ने दावा किया, मैं सब कुछ उजागर कर दूंगा।

# केरल के मुख्यमंत्री बहुसंख्यकों के तुष्टीकरण की कोशिश कर रहे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में विपक्षी दल कांग्रेस ने बुधवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर ''बहुसंख्यकों का तुष्टीकरण'' करने के प्रयास का आरोप लगाया।

मलप्पुरम जिले में सोने की तस्करी और हवाला मामलों के बारे में उनकी हाल की कथित टिप्पणियों का हवाला देते हुए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने मांग की कि विजयन राज्य के लोगों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

चेन्निथला ने यह भी आरोप लगाया कि विजयन ने इस तरह के बयान देने के लिए एक पीआर एजेंसी का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे एक साजिश है।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने मंगलवार को स्पष्ट किया था कि विजयन ने कभी किसी विशेष स्थान या क्षेत्र का उल्लेख नहीं किया, न ही उन्होंने अपने बयान में ''राज्य विरोधी'' या ''राष्ट्र विरोधी गतिविधियों'' शब्दों का इस्तेमाल किया।

चेन्निथला ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव में हार के बाद, विजयन ने अल्पसंख्यकों को छोड़ दिया और ''बहुसंख्यक'' का समर्थन हासिल करने के लिए उनके ''तुष्टीकरण'' की कोशिश कर रहे हैं। यह आरोप मुख्यमंत्री के उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में सत्तारूढ़ माकपा बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक दोनों सांप्रदायिकता का विरोध करती है और किसी भी पक्ष के साथ समझौता नहीं करेगी।



# सैमसंग के हड़ताली कर्मचारियों ने सांकेतिक उपवास रखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के कर्मचारियों ने चौथे सप्ताह में पहुंच चुके अपने विरोध-प्रदर्शन को तेज करते हुए बुधवार को यहां कारखाने के नजदीक सांकेतिक उपवास रखा। कर्मचारियों के विरोध-प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे 'श्रमिक संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस' (सीटू) ने कहा कि एक-दो दिन में कारखानों के निदेशक से मिलकर कोई रास्ता निकालने की कोशिश की जाएगी। श्रमिक संगठन ने आरोप लगाया कि दक्षिण कोरियाई इलेक्ट्रॉनिक कंपनी सैमसंग ने हड़ताल को देखते हुए अस्थायी श्रमिकों को काम पर रखा है।

सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के चेन्नई के पास स्थित कारखाने में कार्यरत लगभग 1,100 कर्मचारी वेतन संशोधन और बेहतर कार्य स्थितियों जैसी मांगों को लेकर नौ सितंबर से ही हड़ताल पर हैं। सीटू से जुड़े सूत्रों ने कहा कि श्रम विभाग और कंपनी के अधिकारियों की मौजूदगी में कई दौर की बातचीत हुई लेकिन उसका कोई नतीजा नहीं निकल पाया। अगले सप्ताह एक और त्रिपक्षीय बैठक की योजना बनाई गई है।

सूत्रों ने कहा, हम आज सांकेतिक उपवास कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि राज्य सरकार आगे आए और इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी सुलझाए। हमारी सबसे महत्वपूर्ण मांग है कि श्रम विभाग सैमसंग इंडिया वर्कर्स यूनियन को जल्द मान्यता दे। हाल ही में केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने तमिलनाडु सरकार को पत्र लिखकर इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने का आग्रह किया था।

सैमसंग इंडिया ने हाल में दावा किया था कि कई हड़ताली कर्मचारी कारण बताओ नोटिस भेजने के बाद काम पर लौट आए हैं। इस कारखाने में एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर और टेलीविजन सेट सहित टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन होता है।

# हमें गोडसे को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए : सिद्दरामय्या

## अगर पति-पत्नी की लड़ाई को पूरे दिन दिखाया जाता है, तो क्या यह नैतिक पत्रकारिता है, मुख्यमंत्री ने ली चुटकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। आजतक टीवी पर पति-पत्नी को पूरे दिन लड़ते हुए दिखाना क्या नैतिक पत्रकारिता है मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने चुटकी लेते हुए पत्रकारिता पर वार किया। वार्ता सौधा में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा गांधी जयंती के मौके पर मोहरे मनंतराय पत्रकारिता पुरस्कार एवं राज्य स्तरीय बापूजी निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सट्टा पत्रकारिता का प्रकोप बढ़ गया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या समाज को ऐसी सट्टेबाज़ी पत्रकारिता की ज़रूरत है? उन्होंने पलटकर कहा, आप क्या कहते हैं? आज की पत्रकारिता मेरे चेहरे का चेहरा बन गई है। मुझे तो ये भी समझ नहीं आता कि ये कैसी पत्रकारिता है। पहले पत्रकारों का बहुत सम्मान किया जाता था। मुझे नहीं पता कि यह अभी है या नहीं। अगर आप इसका विश्लेषण करेंगे तो यह एक बड़ा विवाद निकलेगा। इसलिए, उन्होंने कहा, इस अटकल पत्रकारिता के बारे में और कुछ नहीं कहा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि हमें गोड्से को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। हमें उन बुरी ताकतों को हराना है जो गांधी के बारे में झूठ का प्रचार करती हैं और गोड्से जैसे खलनायकों की पूजा करती हैं। मैंने पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद 2014 में महात्मा गांधी सेवा पुरस्कार शुरू किया। सभी शिक्षित लोग मानवीय नहीं होते। शिक्षा को मनुष्य का मानवीकरण करना चाहिए। उन्होंने कहा, अन्यथा ऐसी शिक्षा का कोई मूल्य नहीं है। शिक्षित लोगों को समाज की संपत्ति बनना चाहिए। असामाजिक मत बनो। गांधी जी का जीवन एक संदेश था। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में बदलाव के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, इस प्रकार, उनके विचार शाश्वत हैं।

उन्होंने कहा कि गांधी को शारीरिक रूप से मारा जा सकता है. लेकिन उनके विचारों को मारा नहीं जा सकता। हमें उन लोगों को हराना है जो गोड्से भारत का निर्माण करने जा रहे हैं।' गांधी जी ने हमें भारत को मजबूत बनाने का आह्वान किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक रिजवान अरशद ने की, साथ में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार केवी प्रभाकर, मीडिया एकेडमी की अध्यक्ष आयशा खानम, फिल्म एकेडमी के अध्यक्ष साधु कोकिला, सरकार की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश, अपर मुख्य सचिव एलके अतीक, सचिव त्रिलोकचंद्र, कंथीरवा स्टूडियो के अध्यक्ष अयूब कई थे प्रमुख लोग भी मौजूद थे।





# देशभर में महापुरुषों की सभी प्रतिमाओं की सफाई की जाएगी : प्रह्लाद जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल पहले 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के खास मौके पर स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी। बुधवार को गांधी जयंती के मौके पर इस मिशन के 10 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर केंद्रीय खाद्य एवं ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी बेंगलूरु पहुंचे हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देशभर में महापुरुषों की सभी प्रतिमाओं की सफाई करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर स्वच्छ भारत अभियान में काम कर रही है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोग हर सरकारी दफ्तर और हर जगह की सफाई कर रहे हैं। मंदिरों और धर्मस्थलों में भी हर जगह सफाई का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत अगले 15 दिनों में देश भर में महापुरुषों की प्रतिमाओं और पुरानी मूर्तियों की सफाई पर फोकस किया जाएगा।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के इस्तीफा नहीं देने के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जमानत पर है। कांग्रेस में इतनी ताकत नहीं है कि वह सिद्दरामय्या को इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर सके। वहीं, स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने अभियान की सफलता के लिए लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक जन आंदोलन बन चुका है।

उन्होंने कहा कि पिछले पखवाड़े में देशभर में करोड़ों लोगों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रमों में भाग लिया गया था। उन्होंने जानकारी दी कि इस सेवा पखवाड़े के 15 दिनों में देश भर में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करके ही हम अपने भारत को स्वच्छ बना सकते हैं।

# बंगाल के प्रवासी मजदूर की चेन्नई में 'भूख' से मौत, राज्यपाल ने की तृणमूल सरकार की आलोचना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने चेन्नई में कथित तौर पर भुखमरी के कारण राज्य के एक प्रवासी श्रमिक की मौत पर बुधवार को चिंता व्यक्त की और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए कहा कि उनके संवैधानिक सहयोगी लोगों की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बोस ने यह टिप्पणी पूर्व मेदिनीपुर जिले के एक प्रवासी मजदूर की सोमवार को तमिलनाडु की राजधानी में 'भूख' से मौत होने के मद्देनजर की है। उन्होंने राज्य के प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की जिन्हें आजीविका की तलाश में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बोस ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, क्या ममता बनर्जी गांधीजी के प्रिय दरिद्र नारायण की देखभाल इस तरह करती हैं? सबको सन्मति दे भगवान। सरकारी सूत्रों के अनुसार हाल में कई प्रवासी कामगार नौकरी की तलाश में चेन्नई गए थे लेकिन उन्हें कोई नौकरी नहीं मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि ये मजदूर 'भूख' से बेहाल और दीन हीन हालत में पाए गए, जिनमें से कुछ को चेन्नई रेलवे स्टेशन से बेहोशी की हालत में बचाया गया। उन्होंने कहा कि जिस अस्पताल में पांचों मजदूरों को भर्ती कराया गया था, वहां भी इसकी पुष्टि हुई है। इनमें से तीन की हालत गंभीर है। मजदूरों में से एक समर खान की 30 सितंबर को मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि खान का शव पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भेजा जा रहा है जबकि चार अन्य अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। बोस ने कहा कि राज्य सरकार को प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा के प्रति 'संवेदनशील और उत्तरदायी' होना चाहिए।

बोस केरल में थे और घटना के बाद वह चेन्नई गए साथ ही उन्होंने अस्पतालों में भर्ती तथा आश्रय गृहों में रह रहे लोगों की सहायता के लिए अधिकारियों को भेजा। बोस ने राज्य सरकार से प्रवासी श्रमिकों की सहायता के लिए प्रभावी कदम उठाने का अनुरोध किया है।



# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को गांधी जयंती पर यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दोनों ने भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। बागड़े और शर्मा ने बाद में वहीं गांधी सर्किल पर बापू की प्रतिमा के निकट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी तथा वहां रामधुन और भक्ति संगीत भी सुना। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, राज्य मंत्री ओटा राम देवासी ने भी महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा,सत्य एवं अहिंसा से मानवता की शांति व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं 'जय जवान, जय किसान' के नारे से देश को नई दिशा देने वाले, सादगी, सरलता तथा ईमानदारी के प्रतीक, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की गरिमामयी उपस्थिति में गांधी सर्किल (जयपुर) पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने लिखा, आप दोनों के आदर्श जीवन एवं कल्याणकारी विचार माँ भारती की सेवा हेतु समस्त देशवासियों को सदैव प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।

# प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से स्वच्छता बना जन आंदोलन : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत देश में विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शरीक हुए और कहा कि प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से स्वच्छता अब जनसेवा तथा जन आंदोलन बन चुकी है तथा स्वच्छ भारत की बुनियाद पर बढ़ते हुए विकसित भारत-विकसित राजस्थान का विजन साकार किया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सामाजिक सरोकारों के काम में हमेशा अग्रणी रहते हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, एक पेड़ मां के नाम तथा स्वच्छता ही सेवा जैसे अभियानों से उन्होंने देश में विकास कार्यों में जनभागीदारी को एक नई दिशा दी है। कार्यक्रम में अजमेर एवं चूरू जिले में लगभग 140 करोड़ रुपए की लागत के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का लोकार्पण किया गया। अमृत योजना के तहत राजस्थान के चूरू एवं अजमेर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्मित किए गए हैं। अजमेर शहर में 75.12 करोड़ रुपए की लागत से 20 एवं 40 एमएलडी क्षमता तथा चूरू शहर में 64.19 करोड़ रुपए की लागत से एक एवं 2.5 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया गया है। इससे क्षेत्र में अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाएं विकसित होंगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए कहा है कि इन दोनों महापुरूषों ने देश को एक नई दिशा देने का काम किया है। शर्मा बुधवार को शासन सचिवालय में महात्मा गांधी तथा शास्त्री की जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और इस अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि गांधीजी के सत्य-अहिंसा के आदर्शों का अनुसरण करते हुए देश उनके पदचिह्नों पर चल रहा है। उनके सिद्धांतों तथा विचारों को पूरा विश्व मानता है। देश की आजादी से लेकर आज तक भी उनके सिद्धांत प्रासंगिक हैं।

इस दौरान शर्मा ने शासन सचिवालय में गांधीजी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये', 'रघुपति राघव राजा राम' एवं 'राम धुन' का श्रवण भी किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, नगरीय विकास राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के के विश्नोई, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांधी सर्किल पर महात्मा गांधी तथा शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की।




# गांधी जयन्ती पर शुरू हुई गांधी वाटिका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि गाँधी जयंती के अवसर पर बुधवार को सेन्ट्रल पार्क स्थित गांधी वाटिका (गांधी दर्शन म्यूजियम) शुरु हो गई है। उन्होंने बताया कि गांधी वाटिका में पहले दिन एक हजार से अधिक की संख्या में कॉलेज एवं स्कूल के विद्यार्थियों और आमजन ने गांधी वाटिका को देखा तथा गांधीजी के जीवन यात्रा को जाना। गांधी वाटिका में गांधी जी के बचपन, उनकी जीवन यात्रा, दक्षिण अफ्रीका यात्रा, सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन, चौरी-चोरा आन्दोलन इत्यादि को दर्शाया गया है।

शासन सचिव ने बताया कि गांधी वाटिका (गांधी दर्शन म्यूजियम) जयपुर में एक नए पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगी। उन्होंने बताया कि गांधी दर्शन म्यूजियम को देखकर यहां आने वाले विद्यार्थी और आगन्तुक पर्यटक गांधी जी के जीवन दर्शन से प्रेरित होंगे। जैन ने बताया कि गांधी वाटिका (गांधी दर्शन म्यूजियम) 2 अक्टूबर प्रातः 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक पर्यटकों के लिए प्रतिदिन खुली रहेगी। म्यूजियम माह अक्टूबर, 2024 में नि:शुल्क रहेगा।



# जिला स्तरीय घुमंतू, अर्द्ध घुमन्तु एवं विमुक्त परिवारों को पट्टा वितरण कार्यक्रम एसएन मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में हुआ आयोजित

जयपुर। जिला स्तरीय घुमन्तु,अर्द्ध घुमंतू एवं विमुक्त परिवारों को पट्टा वितरण कार्यक्रम एवं स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान कार्यक्रम बुधवार को जिला जोधपुर के पंचायतीराज विभाग द्वारा एस.एन. मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में संसदीय कार्य,विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल एवं राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के संवेदनशील एवं कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार वंचित वर्गों के उत्थान के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा घुमंतू,अर्द्ध घुमंतू एवं विमुक्त बंधुओं के परिवारों का सर्वे किया गया। उसके आधार पर भूमि विहीन परिवारों को आवासीय भूमि के स्वामित्व के लिए पट्टे प्रदान किए जा रहे है। पटेल ने कहा यह पट्टा महज कागज का टुकड़ा नहीं है बल्कि घुमंतू,अर्द्ध घुमंतू एवं विमुक्त बंधुओं के सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। अब हमारे घुमंतू बंधु अपना स्थाई निवास प्राप्त करेंगे, जिससे उनको मूलभूत सुविधाएं एवं सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा। पटेल ने कहा महात्मा गांधी के ग्रामोदय एवं स्वच्छता के मूल्यों से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन का शुभारंभ किया था। आज हम स्वच्छ भारत मिशन की 10 वीं वर्षगांठ को 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के माध्यम से मना रहे है। सम्पूर्ण देश में सर्वत्र स्वच्छता के ध्येय को साकार करने के लिए स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन कर समाज में सकारात्मक चेतना लाई जा रही है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ धीरज कुमार सिंह ने बताया सर्वे के अनुसार जोधपुर ग्रामीण में विमुक्त,घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू भूखण्ड विहीन परिवारों की संख्या 3547 थी। जिसमें से 1780 परिवारों को पट्टे पूर्व में जारी किए जा चुके है एवं आज 682 परिवारों को पट्टे जारी किये गए है।

शेष रहे परिवारों को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर शीघ्र पट्टे जारी किए जाएंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सामराऊ पंचायत समिति ओसियां को स्वच्छ भारत मिशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए 8 जनप्रतिनिधियों एवं 9 कार्मिकों को सम्मानित किया गया।

## कई जगहों पर बम विस्फोट करने की धमकी, पुलिस सतर्क

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान में कई जगहों और रेलवे स्टेशनों पर बम विस्फोट करने की धमकी वाला कथित पत्र मिलने के बाद पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पुलिस ने बताया कि हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को कथित धमकी वाला पत्र मिला। उन्होंने बताया कि पत्र भेजने वाले ने दो नवंबर को राजस्थान के साथ-साथ मध्य प्रदेश में भी धार्मिक स्थलों में बम विस्फोट की धमकी दी है। हनुमानगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्यारे लाल मीणा ने बताया कि लिफाफे में बंद पत्र डाक के जरिए हनुमानगढ़ स्टेशन मास्टर को भेजा गया। स्थानीय पुलिस को शाम को इसकी सूचना मिली। उन्होंने बताया, पत्र में जैश-ए-मोहम्मद के नाम से धमकी दी गई है कि 30 अक्टूबर को रेलवे स्टेशन और गंगानगर, हनुमानगढ़, जोधपुर, बीकानेर, कोटा, बूंदी, उदयपुर, जयपुर को बम से उड़ा दिया जाएगा।

## आदमखोर तेंदुए की तलाश जारी

जयपुर/दक्षिण भारत। उदयपुर जिले के वन क्षेत्रों में आदमखोर तेंदुए की तलाश बुधवार को भी जारी है। वन विभाग, पुलिस और सेना की टीमें उस तेंदुए की तलाश कर रही हैं जिसने हाल ही में सात लोगों को अपना शिकार बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि निशानेबाजों के साथ कई टीमें 'आदमखोर' तेंदुए की तलाश कर रही हैं। विभिन्न स्थानों पर पिंजरे लगाए गए हैं और स्थानीय ग्रामीण तलाश में सहायता कर रहे हैं। उदयपुर उत्तर के उप वन संरक्षक अजय चित्तौड़ा ने कहा कि सभी टीमें तेंदुए को खोजने में जुटी हैं। तेंदुए के हमलों से होने वाली मौत की बढ़ती संख्या से चिंतित वन अधिकारियों ने मंगलवार को आदमखोर तेंदुए की पहचान के बाद उसे मारने का आदेश जारी किया। इस तेंदुए के हमले में 55 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी। उसके बाद उसे मारने का आदेश जारी किया गया। प्रधान मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक (पीसीसीएफ) और मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक (सीडब्ल्यूडब्ल्यूएफ) पवन कुमार उपाध्याय द्वारा जारी आदेश के बाद वन विभाग की टीमों ने पुलिस और सेना के साथ मिलकर उस इलाके को घेर लिया जहां तेंदुआ घूमता दिखा है।

## एसीबी ने कोटा के संभागीय आयुक्त के ठिकानों पर तलाशी ली

जयपुर/दक्षिण भारत। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीमों ने बुधवार को कोटा के संभागीय आयुक्त राजेंद्र विजय से जुड़े कई ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू किया जिसमें आयुक्त का कोटा स्थित कार्यालय और आवास भी शामिल हैं। सरकार ने यह कार्रवाई शुरू होने के कुछ ही घंटे बाद राजेंद्र विजय को उनके पद से हटाकर एपीओ (पदस्थापन की प्रतीक्षा में) कर दिया। जयपुर में एसीबी सूत्रों ने बताया कि आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में कोटा के संभागीय आयुक्त राजेंद्र विजय के जयपुर, कोटा और दौसा के ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई बुधवार की सुबह शुरू की गई। ब्यूरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राजेंद्र विजय के खिलाफ गोपनीय शिकायतें मिली थीं कि उनके पास आय के वैध स्रोत से अधिक संपत्ति है। संपत्तियों की सूची बनाने और मूल्य की गणना करने के बाद पाया गया कि यह आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति का मामला है, जिसके बाद मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई और अदालत से तलाशी वारंट लिया गया। पदोन्नत आईएएस अधिकारी राजेंद्र विजय ने पिछले सप्ताह तबादले के बाद कोटा के संभागीय आयुक्त का पदभार संभाला था। वे बारां और बालोतरा के जिला कलेक्टर रह चुके हैं।

## आरएमएसी फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रकरण की जांच के लिये समिति गठित,रजिस्ट्रार तत्काल प्रभाव से निलंबित

जयपुर। राजस्थान मेडिकल काउंसिल (आरएमसी) द्वारा फर्जी पंजीकरण के मामले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी अखिलेश माथुर एवं कनिष्ठ सहायक फरहान हसन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, इस पद का अतिरिक्त कार्यभार सवाई मानसिंह अस्पताल के प्रमुख विशेषज्ञ सर्जरी डॉ. गिरधर गोपाल गोयल को दिया गया है। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार प्रथम दृष्टया पंजीकरण करने में कुछ प्रक्रियागत खामियां सामने आई हैं। साथ ही, पंजीकरण में लापरवाही एवं अनियमितता से संबंधी तथ्य भी सामने आए हैं। इसे देखते हुए रजिस्ट्रार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। खींवसर ने कहा है कि फर्जी पंजीकरण होना गंभीर मामला है। हम इसकी तह तक जाएंगे। राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर शून्य बर्दाश्त की नीति पर काम कर रही है।



# सरकार वंचितों को मुख्य धारा में लाने का कर रही है प्रयास : खराडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर उनके सपनों को साकार करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु जाति के व्यक्तियों को पट्टा प्रदान कर लाभांवित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता के सपने को साकार करने हेतु सेवा भाव को सर्वोच्च स्थान देते हुए गरीबों के विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डूंगरपुर जिले में भी 395 विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जाति के व्यक्तियों को पट्टा प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इस दौरान जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं जिला प्रभारी मंत्री बाबू लाल खराड़ी ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों एवं वंचितों को आगे लाने का काम कर रही है। सरकार का प्रयास है कि अंतिम पंक्ति में बैठा हुआ व्यक्ति भी साधन संपन्न तथा देश की मुख्य धारा में सम्मिलित हो। इसी पीड़ा को समझते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विमुक्त, घुमंतु, अर्ध घुमंतु, विमुक्त वर्ग के व्यक्तियों को स्थाई आशियाना देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, जनधन खाता सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा पारदर्शिता लाने के लिए किए गए प्रयासों के बारें में जानकारी दी।

पंचायत समिति भवन सागवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 395 विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु वर्ग के व्यक्तियों को मौके पर ही पट्टे देकर लाभान्वित किया गया। पट्टा लेने के बाद लाभार्थियों के चेहरे खिल गए।

# उच्च न्यायालय ने रणथंभौर में अवैध संपत्तियों और निर्माणों को जब्त करने को कहा

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान उच्च न्यायालय ने वन अधिकारियों को रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान के वन क्षेत्र और बाघ आवासीय (क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट) इलाकों में अवैध संपत्तियों तथा निर्माणों को जब्त-कुर्क करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने सवाई माधोपुर के जिला प्रशासन और पुलिस को वन अधिकारियों के साथ सहयोग करने का भी निर्देश दिया और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मामले की निगरानी करने को कहा है। न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत ने मंगलवार को इस संबंध में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए रणथंभौर में महत्वपूर्ण बाघ आवासीय इलाकों में किए जा रहे निर्माण और अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त की।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बुधवार को कहा कि अदालत ने पुलिस अधिकारियों से कहा है कि वे वन अधिकारियों का पूरा सहयोग करें। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि पुलिस अधिकारियों की ओर से अगर किसी भी प्रकार का असहयोग किया जाता है तो यह उसके संज्ञान में लाया जाए।

सिंह ने बताया कि बाघों के आवासीय इलाकों के हिसाब से महत्वपूर्ण (क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट) इलाके में वाणिज्यिक प्रकृति के अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रणथंभौर में बाघ क्षेत्र में अतिथि गृह सहित कई निर्माण गतिविधियां की जा रही हैं, जो वनस्पतियों और जीवों के लिए खतरा हैं और इन्हें तत्काल प्रभाव से रोका जाना चाहिए तथा निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रणथंभौर के मुख्य वन संरक्षक, सवाई माधोपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट से बात की। न्यायालय के आदेश के अनुसार, संबंधित अधिकारियों ने न्यायालय को इस तथ्य से अवगत कराया कि वन विभाग/संबंधित अधिकारी उचित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई कर रहे हैं, फिर भी, प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से सहयोग व सहायता की कमी के कारण उचित उपाय प्रभावी ढंग से नहीं किए जा रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

उत्तर भारत के सबसे बड़े और सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक रणथंभौर में 70 से अधिक बाघ रहते हैं।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में अभूतपूर्व विकास के काम हुए : चौधरी

अजमेर /दक्षिण भारत । केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि मोदी सरकार के 0.3 कार्यकाल में देश को आगे बढ़ाने और विकसित करने के अभूतपूर्व काम हुए हैं। चौधरी बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शहर-जिला कमेटी की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से बोला था कि देश तभी स्वस्थ होगा, जब देश स्वच्छ होगा और आज 'स्वस्थ भारत मिशन अभियान' के 10 साल पूरे हुए। ये हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से देश में चलाये जा रहे जनहित के विकास कार्यों से जीवन स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन , जनधन खाते, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री रोजगार योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्य पहले देखने को नहीं मिलते थे। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में इन सभी पर तेजी से काम चल रहा है।

# महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी का हुआ आयोजन

जयपुर/दक्षिण भारत। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण(जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय के अध्यक्ष के निर्देशन में राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती पल्लवी शर्मा एवं श्री पवन जीनवाल ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांधी जी के दर्शन एवं सिद्धांतों को आत्मसात करना ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अपने विभिन्न आयामों के माध्यम से विद्यार्थी, आमजन, महिला, बुजुर्ग सभी के बीच अपनी एक विशेष पहचान बनाता आया है और आमजन को इस माध्यम से काफी लाभ प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम की कडी में विद्यालय परिसर एवं विद्यालय के आस-पास के परिसर में ''स्वच्छता ही सेवा है'' की तर्ज पर श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी। इस दौरान विशेषकर विद्यार्थियों से यह अपील किया कि आज का समय हमारे आस-पास के वातावरण को स्वस्थ्य एवं स्वच्छ रखने का है जो कि आने वाली पीढ़ी हेतु आवश्यक है।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान ''स्वच्छता ही सेवा है'' के माध्यम से गांधीजी के सादा जीवन-उच्च विचार की विचारधारा को धरातल पर उतारना है ताकि एक बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाध्यापक श्रीमती पुखराज आर्य, लीगल लिटरेसी क्लब इंचार्ज श्रीमती हिना अख्तर सहित अन्य शिक्षक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है : नरेन्द्र मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हजारीबाग (झारखंड)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है और उन्होंने झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर राज्य की पहचान, संस्कृति और विरासत की कीमत पर घुसपैठियों का समर्थन करके ''वोट बैंक की राजनीति'' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ''माटी, बेटी, रोटी'' को बचाने के लिए अब ''ऐसी ताकतों को बाहर करने'' का समय आ गया है।

मोदी ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''झारखंड में बेटी, माटी, रोटी की रक्षा करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए 'परिवर्तन' का समय आ गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला गठबंधन एक खतरनाक खेल खेल रहा है, जो घुसपैठियों को संरक्षण देते हुए लोगों की पहचान, संस्कृति और परंपराओं को खतरे में डाल रहा है।''परिवर्तन यात्रा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी और इसने लगभग 5,400 किलोमीटर की दूरी तय की।



मोदी ने आबकारी कांस्टेबल की भर्ती के दौरान कई अभ्यर्थियों की मौत का हवाला देते हुए गठबंधन के असंवेदनशील रुख की आलोचना की।

लगभग एक पखवाड़े में मोदी की झारखंड की यह दूसरी यात्रा है, जहां 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं और मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी को समाप्त होगा।

अपने आगमन पर मोदी ने एक विशेष खुले वाहन से भीड़ का अभिवादन किया और आदिवासी समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। महिलाओं ने उन्हें 'माटी, बेटी, रोटी' की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में 'परिवर्तन यात्रा' के दौरान एकत्र की गई मिट्टी से भरा एक कलश भेंट किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 20 सितंबर को साहिबगंज से भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की थी।

## हाथरस भगदड़ कांड: पुलिस ने दाखिल किया 3200 पन्नों का आरोपपत्र

**हाथरस/भाषा।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने हाथरस जिले में इस साल दो जुलाई को नारायण साकार हरि 'भोले बाबा' समागम के दौरान हुई भगदड़ के मामले में अदालत में 3200 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया। इस घटना में 121 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपपत्र में 11 लोगों को मुल्जिम बनाया है जिनमें कार्यक्रम की अनुमति हासिल करने वाले लोग भी शामिल हैं।

बचाव पक्ष के वकील ए.पी. सिंह ने बताया कि पुलिस ने 3200 पन्नों का आरोपपत्र न्यायालय में पेश कर दिया। अदालत ने आरोपियों को आरोपपत्र की प्रतियां उपलब्ध कराने की तारीख चार अक्टूबर तय की है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को कार्यक्रम के मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर सहित 10 आरोपियों को अलीगढ़ जिला जेल से हाथरस जिला अदालत में पेश किया गया। एक आरोपी मंजू यादव फिलहाल इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद बाहर है। सिंह ने बताया कि मामले की अलग से न्यायिक जांच भी हो रही है।

हाथरस जिले के सिकंदराराऊ क्षेत्र के फुलराई गांव में दो जुलाई को सूरजपाल उर्फ भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि के समागम के दौरान हुई भगदड़ में कुल 121 लोगों की मौत हो गई थी जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। पुलिस समेत सरकारी एजेंसियों ने कार्यक्रम में कुप्रबंधन के लिए आयोजकों को दोषी ठहराया है। प्रशासन ने कहा था कि आयोजकों ने कार्यक्रम में 80 हजार लोगों की भीड़ जमा होने की बात कही थी लेकिन वहां ढाई लाख लोग इकट्ठा हो गई।



## प्रशांत किशोर ने 'जन सुराज पार्टी' के नाम से अपना राजनीतिक दल बनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** चुनाव रणनीतिकार से नेता बने बने प्रशांत किशोर ने बुधवार को 'जन सुराज पार्टी' के नाम से अपना राजनीतिक दल गठित करने की घोषणा की। यह एक बहुप्रतीक्षित कदम है जिसके जरिए वह बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव लाने की उम्मीद कर रहे हैं।

किशोर ने मधुबनी में जन्मे भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी मनोज भारती को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया और कहा कि भारती मार्च तक इस पद पर रहेंगे। मार्च में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव होंगे।

पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किशोर ने यह घोषणा की। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, राजनयिक से नेता बने पवन वर्मा और पूर्व सांसद मोनाजिर हसन सहित कई जानी मानी हस्तियां मौजूद थीं। किशोर ने चंपारण से राज्य की तीन हजार किलोमीटर से अधिक लंबी 'पदयात्रा' शुरू करने के ठीक दो साल बाद इस पार्टी का गठन किया, जिसका उद्देश्य लोगों को प्रदेश में एक 'नया राजनीतिक विकल्प' देकर उन्हें संगठित करना है। चंपारण से ही महात्मा गांधी ने देश में पहला ''सत्याग्रह'' शुरू किया था। आई-पैक के संस्थापक किशोर ने कहा, ''जन सुराज अभियान का उद्देश्य बिहार के लोगों को यह समझाना है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसर नहीं मिल पाए हैं क्योंकि उन्होंने कभी इन मुद्दों पर वोट नहीं दिया। हमारा शायद कुछ लोग मजाक उड़ाएं और कहें कि हम पलायन रोकने जैसे वादे कैसे पूरे करेंगे। लेकिन हमारे पास एक खाका है।'' किशोर ने कुछ साल पहले राजनीतिक परामर्श देने का काम छोड़ दिया। उन्होंने कहा, ''राज्य में शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए हमें चार लाख करोड़ रुपए से अधिक की जरूरत होगी। हम शराबबंदी कानून को खत्म करके पैसे जुटाएंगे। शराबबंदी के कारण हर साल 20,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। मैं फिर से कहता हूं कि जन सुराज के सत्ता में आते ही एक घंटे के अंदर शराबबंदी खत्म कर दी जाएगी।'' किशोर, अपने पूर्व मार्गदर्शक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस कदम के कटु आलोचक कहे जाते हैं। उन्होंने कहा, ''हमें विशेष दर्जे के खोखले नारे नहीं चाहिए। लेकिन हम बैंकों को बाध्य करेंगे कि वे राज्य की जनता द्वारा जमा की गई बचत के अनुपात में राज्य को पूंजी उपलब्ध कराएं।



## अरुणाचल के राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के. टी. परनाइक और मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को लोगों से स्वच्छता को जीवन का एक हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। 'स्वच्छ भारत दिवस' कार्यक्रम में भाग लेते हुए परनाइक और खांडू ने कहा कि स्वच्छता आदिवासी संस्कृति व परंपराओं में गहराई से निहित है। राज्यपाल ने राज्य में स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए लोगों की सराहना की और कहा कि उनके प्रयास महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान स्वस्थ वातावरण और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, जिससे विकसित भारत के निर्माण में योगदान होगा। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य के लोगों से स्वच्छता की अवधारणा को सिर्फ एक दिन तक सीमित न रखने, बल्कि इसे जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## लद्दाख मुद्दा 'प्राथमिकताओं में भी प्राथमिकता' होना चाहिए: अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि लद्दाख के मुद्दे को प्राथमिकताओं में प्राथमिकता माना जाना चाहिए और उन्होंने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में किए जा रहे विरोध का समर्थन किया।

वांगचुक और लद्दाख के 150 अन्य प्रदर्शनकारियों ने दोबारा हिरासत में लिए जाने के बाद अपना अनिश्चितकालीन अनशन बुधवार को भी जारी रखा और कहा कि शांति तथा लोकतंत्र को प्रदर्शित करने वाले दिवस गांधी जयंती पर उनके अधिकारों को ''कुचल दिया गया'' है। यादव ने पोस्ट कर कहा, ''लद्दाख को बचाने की कोशिश अपनी सीमावर्ती जमीन को बचाना भी है। अगर चारागाह पर धीरे-धीरे दूसरों का कब्जा होता जाएगा तो



लद्दाख के पश्मीना चरवाहों की भेड़-बकरियों और उनसे जुड़े उत्पादों के लिए घोर संकट पैदा हो जाएगा, जिसका सीधा संबंध लद्दाख के समाज के जीवनयापन से जुड़ा है।'' उन्होंने कहा कि इसीलिए यह मुद्दा एक संवेदनशील सामरिक मुद्दे के अलावा एक बेहद चिंतनीय आर्थिक-सामाजिक मुद्दा भी है।' सपा नेता ने कहा, ''लद्दाख के मुद्दे को बड़े चश्मे से देखने की जरूरत है। इसके लिए उठ रही आवाजो को दबाना, देश के लिए चुनौती बन रही एक बड़ी दखलंदाजी से मुंह मोड़ना है। इसीलिए लद्दाख के मुद्दे को प्राथमिकताओं में भी प्राथमिकता मानना चाहिए।'' उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बार-बार लोगों को सरकार को लद्दाख की समस्याओं और चुनौतियों की याद दिलानी पड़ रही है। उन्होंने कहा, ''जब कोई जान बूझकर सुनना नहीं चाहता है, तो जानबूझकर उसे फिर से सुनाया जाता है। इसीलिए हमने पहले भी कहा था, आज फिर से वही पूरी बात दोहरा रहे हैं: पानी और नमक के सहारे अनशन करने वालों का महत्व भाजपा क्या समझेगी, जिसकी आंख का पानी मर गया है और जो नमक का कर्ज तक चुकाना नहीं जानती।'' यादव ने दावा किया कि देश की जनता लद्दाख, देश की सीमाओं और पर्यावरण की रक्षा के लिए वांगचुक के संघर्ष में उनके साथ है। उन्होंने कहा, ''हम सबका सम्पूर्ण समर्थन उनके इस महान आंदोलन को कामयाब बनाएगा। भाजपा के वसूली के बल पर जमा किये पैसों के अंबार से जन्मे अहंकार ने उसकी देखने, सुनने और समझने की शक्ति छीन ली है। ये भाजपा का पतनकाल है।''

## वायुसेना के हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया, पायलट समेत सभी सुरक्षित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुजफ्फरपुर (बिहार)/भाषा।** भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर में खराबी आने के बाद बुधवार को बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में जलभराव वाले इलाके में उसे आपात स्थिति में उतारना पड़ा। हालांकि, पायलट समेत सभी लोग सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश कुमार के अनुसार हेलीकॉप्टर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में राहत सामग्री गिराने के बाद दरभंगा से लौट रहा था।

एसएसपी ने कहा, ''हेलीकॉप्टर ने औराई प्रखंड के अंतर्गत आने वाले बाढ़ वाले इलाके में आपात लैंडिंग की। हेलीकॉप्टर में भारतीय वायुसेना के जवान सवार थे और अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकाल लिया था।

मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कहा, ''सभी चार लोग सुरक्षित हैं। हालांकि, एहतियात के तौर पर और स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज के लिए उन्हें श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया जा रहा है।''

## असम में 14 बांग्लादेशी पकड़े गए, नौ के पास आधार कार्ड भी मिले : मुख्यमंत्री हिमंत



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि राज्य में अवैध रूप से घुसने के आरोप में 14 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है और उनमें से नौ के पास आधार कार्ड भी मिले हैं। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इन विदेशियों को मंगलवार को दक्षिण सलमारा-मनकाचर और करीमगंज जिलों में पकड़ा गया था। उन्होंने कहा, ''खुफिया जानकारी के आधार पर, कल दक्षिण सलमारा और करीमगंज में असम पुलिस ने अवैध रूप से प्रवेश करने वाले 14 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। उनमें से नौ के पास भारतीय आधार कार्ड पाए गए।'' मुख्यमंत्री ने राज्य पुलिस बल की प्रशंसा करते हुए कहा, ''जब से बांग्लादेश में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हुई है, हमने कड़ी निगरानी रखी है और इस अवधि में 108 घुसपैठियों को पकड़ा है।'' असम के करीमगंज, कछार, धुबरी और दक्षिण सलमारा-मनकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं।

## भरोसा तोड़ने वालों के सरदार हैं प्रधानमंत्री मोदी : खरगे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ''हरियाणा की जनता से किए वादे पूरे नहीं करने'' के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भरोसा तोड़ने वालों के भी सरदार हैं। उन्होंने चरखी दादरी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि हरियाणा की जनता इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जिताने का फैसला कर चुकी है।

उनका कहना था, ''आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती है। मैं इन दोनों महान हस्तियों को नमन करता हूं। महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। कहना नहीं चाहता लेकिन आज के सत्ताधारी लोग कितना सच बोलते है और कितना झूठ।''

खरगे ने आरोप लगाया, ''मोदी जी तो भरोसा तोड़ने वालों के भी सरदार हैं। उनके सैकड़ों झूठ आप लोग देख चुके हैं। खाते में 15 लाख देने से लेकर महँगाई कम करने और सालाना दो करोड़ नौकरी, ये सब झूठ निकला।''

इस चुनावी जनसभा में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक भी मौजूद थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया। हरियाणा 'जय जवान, जय किसान' की धरती है। लेकिन 10 सालों में मोदीजी की डबल इंजन सरकार ने जवान और किसान दोनों को बर्बाद किया।''

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, ''जो व्यक्ति 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे, क्या वह झूठ बोल सकते हैं? क्या पूर्व प्रधानमंत्रियों पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी या राजीव गांधी ने ऐसी बात कही थी।''

खरगे के अनुसार, ''उन्होंने (प्रधानमंत्री मोदी) कहा कि कांग्रेस के लोगों ने अपना काला धन विदेशों में छिपा रखा है और वह (मोदी) इसे वापस लाएंगे और सभी की जेब में 15 लाख रुपए डालेंगे।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'हर साल युवाओं को 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था। कहां गईं वो 20 करोड़ नौकरियां जो उन्हें दस साल में देनी थीं?''

## उत्तर प्रदेश के बरेली में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत, कई घायल

**बरेली (उप्र)/भाषा।** जिले के सिरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस महानिरीक्षक (बरेली रेंज) राकेश सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, बरेली जिले के सिरौली क्षेत्र में पटाखे बनाने वाली एक इकाई में विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, विस्फोट होने से आसपास की तीन-चार इमारतों को भी नुकसान हुआ है। फैक्टरी के संचालक की पहचान नासिर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उसके पास लाइसेंस था। लाइसेंस के विवरण की जांच की जा रही है।

आईजी ने कहा कि वह सिरौली में स्थिति और बचाव कार्यों की प्रत्यक्ष निगरानी करने के लिए घटनास्थल पर जा रहे हैं, जहां पुलिस अधिकारियों समेत जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी पहुंच चुके हैं। पुलिस दल, स्वास्थ्य व अग्निशमन विभाग के कर्मी बचाव कार्यों के लिए घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने भी घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने घटना में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार का निर्देश दिया।

## भाजपा झूठे वादे करके ओडिशा की सत्ता में आई है: पटनायक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष एवं ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने बुधवार को दावा किया कि भाजपा झूठे वादे और लोगों को गुमराह करके राज्य की सत्ता में आई है। पूर्व मुख्यमंत्री पटनायक ने यहां पार्टी की वार्षिक ''जन संपर्क यात्रा'' शुरू करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए ये आरोप लगाए।

इस बीच सत्तारूढ़ भाजपा ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि सभी चुनावी वादे पूरे किये गये हैं। पटनायक ने कहा, ''ओडिशा में भाजपा झूठे वादे करके और लोगों से झूठ बोलकर सत्ता में आई है।'' विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा किए गए वादों को गिनाते हुए बीजद प्रमुख ने पूछा कि क्या लोगों



को 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 3,000 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिल रही है, जैसा कि चुनाव से पहले भाजपा के नेताओं ने वादा किया था। राज्य सरकार की प्रमुख सुभद्रा योजना का जिक्र करते हुए पटनायक ने पूछा कि क्या महिलाओं को 50-50 हजार रुपए मिलते हैं, जैसा कि भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में वादा किया था। पटनायक ने कहा, ''चुनाव के दौरान उन्होंने (भाजपा नेताओं ने) लोगों को कई चीजें देने का वादा किया था। अब भाजपा का झूठ पकड़ा गया है।''

## सोनभद्र में युवक पर हमला कर पेशाब किया, जांच जारी

**सोनभद्र (उप्र)/भाषा।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में कुछ लोगों के समूह ने कथित तौर पर 22 वर्षीय एक युवक पर हमला किया और उस पर पेशाब किया, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सात से आठ लोगों के समूह का नेतृत्व करने वाले मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि घटना 26 सितंबर शाम की है, जब पवन खरवार पर अंकित भारती और उसके साथियों ने हमला कर दिया। सिंह ने बताया, ''घटना शक्तिनगर थाना क्षेत्र के बैरियर नंबर-एक के पास हुई। आरोपियों ने उसकी पिटाई की, उस पर पेशाब किया और इस कृत्य का वीडियो भी बनाया।'' मामला करीब एक हफ्ते बाद तब सामने आया, जब खरवार के भाई अंकित ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।

## रेल पटरी पर मिला एक और अग्निशामक यंत्र, अधिकारियों का साजिश की आशंका से इनकार

**कानपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात क्षेत्र के अंबियापुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को रेल की पटरी पर एक अग्निशामक यंत्र मिला जिसे देखकर मालगाड़ी के चालक को ब्रेक लगाने पड़े। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह साढ़े छह बजे की है। ट्रेन के लोको पायलट ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के बारे जानकारी दी। झींझक जीआरपी चौकी के प्रभारी अर्पित तिवारी ने बताया कि मालगाड़ी सुबह साढ़े छह बजे अंबियापुर रेलवे स्टेशन के करीब पहुंची तभी उसके चालक ने पटरी पर एक सिलेंडर रखा देखा और ब्रेक लगा दिए जिसके बाद चालक ने तुरंत इसकी सूचना नियंत्रण कक्ष को दी। जांच में पता चला कि सिलेंडर रेलवे का अग्निशामक यंत्र है।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह फिर शीर्ष पर, यशस्वी जायसवाल नंबर तीन पर पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में छह विकेट लेने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारतीय टीम के अपने साथी रविचंद्रन अश्विन की जगह पहला स्थान हासिल किया है। अश्विन को बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का



सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। स्पिनर रविंद्र जड़ेजा अपने छठे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि उनके साथी स्पिनर कुलदीप यादव 16वें स्थान पर हैं। कुलदीप इस श्रृंखला के किसी मैच में नहीं खेले थे।

बल्लेबाजी रैंकिंग में कानपुर टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए यशस्वी जायसवाल सिर्फ 11 टेस्ट के बाद करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जायसवाल ने कानपुर टेस्ट में 72 और 51 रन की शानदार पारियां खेल कर भारत को बारिश से प्रभावित मैच में सात विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। जायसवाल के 792 रेटिंग अंक हैं और यह 22 वर्षीय खिलाड़ी जो रूट (899) और केन विलियमसन (829) के बाद तीसरे नंबर पर है। अनुभवी भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने शीर्ष 10 में वापसी की है। कानपुर टेस्ट में 47 और 29 रन की पारी खेलने वाले कोहली छह स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

ऋषभ पंत भी शीर्ष 10 में बने हुए हैं लेकिन वह तीन स्थान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर हैं।

जहां तक ऑलराउंडरों की बात है तो रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। जडेजा पहले की तरह शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं जबकि अश्विन दूसरे और अक्षर पटेल सातवें स्थान पर हैं।

टीम रैंकिंग में, भारत 120 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। वह ऑस्ट्रेलिया से चार अंक पीछे है। इंग्लैंड 108 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

भारतीय टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में अपना दबदबा कायम रखा है। भारत का 11 मैच के बाद पॉइंट प्रतिशत 74.24 है जबकि ऑस्ट्रेलिया 12 टेस्ट में 62.50 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है।

# खेल संघों की कमान नेताओं की जगह खिलाड़ियों को सौंपनी होगी : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि जब तक खेल संघों की कमान नेताओं की जगह खिलाड़ियों को नहीं सौंपी जाएगी, तब तक भारत अपनी असली क्षमता नहीं प्राप्त कर सकता। उन्होंने खिलाड़ियों के एक समूह के साथ मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, '' पैसा नहीं तो गेम नहीं, आज भारत में ज़्यादातर एथलीट की यही सच्चाई है। हरियाणा और देश भर से आए खिलाड़ियों के एक समूह से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना।'' उनके मुताबिक, व्यवस्था से पूरी तरह निराश, आहार, आराम और प्रशिक्षण जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते ये युवा उम्मीद और आत्मविश्वास भी खो



रहे हैं जो भारत के लिए बड़ा नुकसान है। राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया, ''जब तक हम खिलाड़ियों को सीधा समर्थन देने वाला सिस्टम नहीं लाते, खेल संघों में नेताओं की जगह खिलाड़ियों को ज़िम्मेदारी नहीं देते, तब तक भारत अपनी असली क्षमता नहीं प्राप्त कर सकता।'' उन्होंने कहा कि भारत में असीम प्रतिभाएं हैं तथा पारदर्शिता, निष्पक्षता और हर ज़रूरी सुविधा से ही हर होनहार खिलाड़ी को एक समान फ़ायदा सुनिश्चित हो पाएगा।

## सुविचार

**जिद्दी बनना सीखो क्योंकि, कोई भी इंसान एक रात में सफल नहीं होता!**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नेतन्याहू के जाल में फंसा ईरान?

ईरान द्वारा इजराइल पर सैकड़ों मिसाइलों से किया गया हमला 'आ बैल, मुझे मार' कहावत को चरितार्थ करता प्रतीत होता है। पिछले साल 7 अक्टूबर से शुरू हुई लड़ाई को अब तक मुख्यत: हमास और हिज्बुल्लाह जैसे संगठन लड़ रहे थे, जिन्हें पर्दे के पीछे से मदद ईरान पहुंचा रहा था। अब उसने जिस स्तर पर धावा बोला है, वह एक बड़ी जंग को भड़का सकता है, जिसके नतीजे गंभीर होंगे। इजराइल का रिकॉर्ड बताता है कि उसे 'शत्रुबोध' को लेकर कोई भ्रम नहीं है। जब कोई देश / संगठन उसकी धरती / नागरिकों पर हमला करता है तो वह जवाब जरूर देता है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का यह बयान ईरान के लिए गंभीर चेतावनी है कि उसने बड़ी गलती की है, जिसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। सवाल है- इस मिसाइल हमले के जवाब में इजराइल क्या कर सकता है? इन दोनों देशों के बीच भौगोलिक दूरी को देखते हुए मिसाइल / हवाई हमला ही सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प हो सकता है। इजराइल की वायुसेना और घातक मिसाइलों ने गाजा और लेबनान में भारी तबाही मचाई है। अगर यह देश ईरान के साथ भी मोर्चा खोल देता है तो यह लड़ाई लंबी चलने की आशंका है। ईरान के साथ सीधी भिड़ंत की सूरत में उसके परमाणु संयंत्रों, तेल रिफाइनरी, सैन्य अड्डों और राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थानों को निशाना बनाया जा सकता है। इजराइल हानिया और नसरुल्लाह का पहले ही खात्मा कर चुका है। अगर ईरान के साथ जंग छिड़ी तो उसकी आग सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई तक पहुंच सकती है।

> **चूंकि इजराइल को अमेरिका समेत पश्चिम के ताकतवर देशों का समर्थन प्राप्त है। वे उसे हथियारों की आपूर्ति करने से पीछे नहीं हटेंगे। इस समय ईरान के लिए एक और बड़ी चुनौती लोगों के मन में ख़ामेनेई के प्रति बढ़ता आक्रोश है।**

ख़ामेनेई ने इजराइल पर मिसाइल हमलों के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसके गहरे निहितार्थ हैं। जमीन के काफी अंदर मिसाइलों का भंडार और सुरंगें दिखाकर ख़ामेनेई बताना चाहते हैं कि 'अभी जो हमला हुआ, वह तो एक झलक मात्र है ... अगर जंग छिड़ी तो हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है!' हालांकि इजराइल इस तथ्य से अनजान नहीं है। पूर्व में प्रकाशित कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ईरान ने अपनी मिसाइलों को उन्नत बनाने के लिए काफी कोशिशें कीं, लेकिन कामयाबी उस स्तर पर नहीं मिली थी। उसे चीन, रूस और उत्तर कोरिया जैसे देशों से मदद मिलती रहती है, जिसके बूते वह इजराइल और पश्चिमी देशों को आंखें दिखाता है। उसने मंगलवार रात को जो मिसाइलें दागीं, उनको लेकर दावा किया कि उनमें से 90 प्रतिशत अपने लक्ष्य तक पहुंची थीं। हालांकि तस्वीरें कुछ और ही बयान करती हैं। उनमें से ज्यादातर मिसाइलें इजराइल के डिफेंस सिस्टम ने हवा में मार गिराई थीं। आईडीएफ ने यह जरूर स्वीकारा कि ईरानी हमले के परिणामस्वरूप इजराइली सैन्य ठिकानों को क्षति पहुंची है, जबकि किसी भी नागरिक, सैनिक या विमान को कोई नुकसान नहीं हुआ है। माना तो यह जा रहा है कि इस हमले के जरिए ईरान बेंजामिन नेतन्याहू के जाल में फंस गया है, जो सालभर से इसी लम्हे का इंतजार कर रहे थे। अब उन्हें ईरान पर सीधा हमला करने और उसे न्यायोचित ठहराने का आधार मिल गया है। अगर इजराइल पलटवार करेगा तो ईरान उसे रोकने में कितना सक्षम होगा? चूंकि इजराइल को अमेरिका समेत पश्चिम के ताकतवर देशों का समर्थन प्राप्त है। वे उसे हथियारों की आपूर्ति करने से पीछे नहीं हटेंगे। इस समय ईरान के लिए एक और बड़ी चुनौती लोगों के मन में ख़ामेनेई के प्रति बढ़ता आक्रोश है। अगर वहां भविष्य में हालात बिगड़े तो सियासी भूचाल आने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता।

## ट्वीटर टॉक



सत्य व अहिंसा के पुजारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में आयोजित समारोह में भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उपस्थित महानुभावों को पूज्य बापू के जीवन आदर्शों व प्रेरक मूल्यों के परिप्रेक्ष्य में संबोधित किया ।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



देश में स्वच्छता को जनआंदोलन बनाकर जन-जन के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने वाले 'स्वच्छ भारत अभियान' ने आज 10वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर मैं इस अभियान को ऐतिहासिक बनाने में निरंतर संलग्न समस्त देशवासियों का अभिनंदन करता हूँ।

**-जेपी नड्डा**




आज अपने पाली निवास पर क्षेत्रवासियों से मिलकर अपार स्नेह और प्रेम पाकर अभिभूत हूं। आप सभी का दिल से आभार! इस दौरान विभिन्न समस्याएं सुनीं और उन्हें जल्द निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आपकी समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है।

**-मदन राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# अच्छाई और बुराई



एक भक्त ने एक बार श्री रामकृष्ण परमहंस से एक जटिल प्रश्न किया- 'यदि संसार में भगवान ही सब कुछ करते हैं तो मनुष्य पाप-पुण्य व अच्छाई-बुराई की दुविधा में क्यों परेशान रहता है। दुनिया में जब सभी कुछ ईश्वर की देन है तो पाप की जवाबदेही भी तो ईश्वर की है?' भक्त के प्रश्न के जवाब में श्रीरामकृष्ण परमहंस मुस्कुराये और कहा, 'हकीकत में ऐसा नहीं है। निस्संदेह, दुनिया ईश्वर की बनायी हुई है। अच्छाई-बुराई व पाप-पुण्य भी ईश्वर ने ही निर्धारित किए हैं। लेकिन यदि दुनिया में सिर्फ अच्छा-अच्छा ही होता तो बुराई की पहचान कैसे होती? बुराई से ही अच्छाई का निर्धारण होता है। ऐसे ही यदि अंधेरा न होता तो उजाले का पता कैसे चलता?'

## सामयिक



**भारत में अतिप्राचीन काल से नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाए जाने की ऐतिहासिक, समृद्ध व विस्तृत परंपरा रही है। मान्यतानुसार इन दिनों में मन से माता दुर्गा की उपासना करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता होने के कारण इन दिनों में शक्ति के नौ रूपों की पूजा - अर्चना की जाती है। इसलिए इस त्योहार को नौ दिनों तक मनाया जाता है, जिसे नवरात्र कहा जाता है। नवरात्र में दो शब्द है- नव और रात्र।**

# दैविक ज्योति ज्ञान-विज्ञान को जागृत करने का अवसर नवरात्र

**अशोक प्रवृद्ध**

वैदिक मतानुसार वेद सब सत्य विधाओं की पुस्तक है। वेद अपौरुषेय हैं। वेद ईश्वर की वाणी है। वेद सब सत्य विद्याओं का मूल है। इसलिए केवल वेद विद्या पर ही विश्वास करना चाहिए। ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र उपाय महर्षि पतंजलि प्रणीत यम, नियम, आसान, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि है। महर्षि दयानंद सरस्वती विरचित सत्यार्थ प्रकाश के प्रथम समुल्लास में यह कहा गया है कि देव अथवा देवी ईश्वर के ही गौणिक नाम है। ईश्वर को पुलिंग अथवा स्त्रीलिंग या नपुंसक लिंग में पुकारा जा सकता है। ईश्वर की दिव्य शक्ति को ही दैवीय जिसका अपभ्रंश होकर देवी कहा जाता है। ईश्वर के विषय में तो वेद में लिखा है कि उस ईश्वर की कोई प्रतिमा या मूर्ति नहीं हो सकती- न तस्य प्रतिमा अस्ति। मूर्ति पूजा करना जड़ की पूजा करना है। इससे बुद्धि जड़ होती है। अज्ञानता और अंधकार को बढ़ावा मिलता है। जिससे पाप लगता है। इसलिए उस दिव्य शक्ति परमात्मा की कोई मूर्ति न तो बनानी चाहिए और न ही मूर्ति की पूजा करनी चाहिए। लेकिन इस वैदिक सत्य को नकारकर लोग देवी-देवताओं की मूर्तियाँ बनाकर उन्हें मंदिर आदि स्थल पर प्रतिस्थापित करते हैं और नवरात्र सहित कई अवसरों पर उन प्रतिमाओं की पूजन करते हैं।

भारत में अतिप्राचीन काल से नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाए जाने की ऐतिहासिक, समृद्ध व विस्तृत परंपरा रही है। मान्यतानुसार इन दिनों में मन से माता दुर्गा की उपासना करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता होने के कारण इन दिनों में शक्ति के नौ रूपों की पूजा -अर्चना की जाती है। इसलिए इस त्योहार को नौ दिनों तक मनाया जाता है, जिसे नवरात्र कहा जाता है। नवरात्र में दो शब्द है- नव और रात्र। नव शब्द संख्या का वाचक है, और रात्र का अर्थ है- रात्रि समूह अर्थात काल विशेष। इस नवरात्र शब्द में संख्या और काल का अद्भुत सम्मिश्रण है। शब्द नवरात्र- नवानां रात्रीणां समाहारः नवरात्रम। रात्राह्वाय पुंसि। (पाणिनी 2/4/9) तथा संख्यापूर्वं रात्रम । (क्लीवम लि. सूक्त 131) से बना है। यों ही द्विरात्रं, त्रिरात्रं, पांचरात्रं (पांचरात्रादि में विष्णुरात्र, इंद्ररात्र, ऋषिरात्र आदि पद तत्व ज्ञानप्रद अर्थक भी प्रयुक्त हैं), गणरात्रम आदि द्विगु समासांत शब्द हैं। इस प्रकार इस शब्द से जगत के सर्जन- पालन रूप अग्नीसोमात्मक द्वन्द्व (मिथुन) की पुष्टि होती है। आद्याशक्ति भगवती स्वयं कहती है-शरत्काले महापूजा क्रियते या छ वार्षिकी। तस्यां ममैतन्महात्म्य श्रुत्वा भक्तिसमन्वितः।। सर्वाबाधानिर्मुक्तों धनधान्यसुतान्वितः । मनुष्यों मत्प्रसादेन भविष्यति न संशयः।। -देवी माहात्म्य, फलश्रुतिर्नाम द्वादश अध्याय 12-13

अर्थात- शरद ऋतु में मेरी जो वार्षिक महापूजा अर्थात नवरात्र पूजन होता है, (वर्षारंभ अर्थात चैत्र के नवरात्र में वार्षिकी वासंती नवरात्र एवं शरद ऋतु- आश्विन नवरात्र में मेरी जो महापूजा की जाती है, उसमें भी यह च कार से व्यंजित है।), उसमें श्रद्धा भक्ति के साथ मेरे इस देवी माहात्म्य (सप्तशती) का पाठ या श्रवण करना चाहिए। ऐसा करने पर निःसंदेह मेरे कृपा प्रसाद से मानव सभी प्रकार की बाधाओं से मुक्त होता है, और धन- धान्य, पशु- पुत्रादि संपति से सम्पन्न हो जाता है।

मानव जीवन की प्राणप्रद ऋतुएं मूलतः छह होने पर भी मुख्यतः दो ही हैं- शीत ऋतु (सर्दी) और ग्रीष्म ऋतु (गर्मी)। आश्विन से शरद ऋतु से शीत तो चैत्र से वसंत से ग्रीष्म। ये दो ऋतु भी विश्व के लिए एक वरद मिथुन (जोड़ा) बन जाता है। एक से गेहूं (अग्नि) तो दूसरे से चावल (सोम) के युगल का सादर उपहार देती है। यही कारण है कि ये दो नवरात्र नवगौरी अथवा परब्रह्म श्रीराम का नवरात्र और और नवदुर्गा अथवा सबकी आद्या महालक्ष्मी के नवरात्र सर्वमान्य हो गए।

नवरात्रि हमेशा दो मुख्य मौसमों के संक्रमण काल-प्रथम सर्दी के बाद गर्मी शुरु होते समय चैत्र मास में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से लेकर चैत्र शुक्ल नवमी तक और द्वितीय गर्मी- वर्षा के बाद सर्दी शुरु होने पर आश्विन मास में आश्विन शुक्ल प्रथमा से लेकर आश्विन शुक्ल नवमी तक में आती है। जाड़े और वर्षा के बाद ही बीमार पड़ने की संभावना अधिक होती है। ऋतु परिवर्तन के दो मास बीतने वाले मास के अंतिम सात दिन और आने वाले मास के प्रथम सात दिन कुल चौदह दिन के इस समय को ऋतु संधि कहा जाता है। इन दोनों नवरात्रों अर्थात जाड़े और वर्षा ऋतु के बाद ऋतु परिवर्तन होते समय अर्थात ऋतु संधिकाल में हमारी सभी अग्नि जठराग्नि और भूताग्नि कम होने के साथ-साथ शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी कमी आ जाती है। इस समय प्राप्त भोज्य सामग्री के दूषित होने की संभावना अधिक होती है। इस कारण इस ऋतु संधिकाल और इसके आस-पास के समय में विभिन्न रोग होने की संभावना बेतहासा बढ़ जाती है। इस मौसम में ज्वर अतिसार आंत्र ज्वर, पेट में जलन, खट्टी डकार, डेंगू, बुखार, मलेरिया. वायरल बुखार, एलेर्जी आदि-आदि कितने रोग पैदा हो जाते है। ऐसे रोगों से बचाव के लिए नवरात्र एक आयुर्वेदिक पर्व है। नवरात्र नामक इस भारतीय पर्व परंपरा के पीछे एक आध्यात्मिक, प्राकृतिक, आयुर्वेदीय, वैज्ञानिक और स्वास्थ्य संबंधी रहस्य निहित है। दो मुख्य मौसमों के संक्रमण काल में आने वाली अश्वनि नक्षत्र अर्थात शारदीय नवरात्र और चैत्र अर्थात वासन्तीय नवरात्रि, दोनों का ही अपना एक अलग महत्व होता है। प्राकृतिक आधार पर नवरात्रि ग्रीष्म और सर्दियों की शुरुआत से पहले होती है। प्रकृति के परिर्वतन का यह उत्सव होता है। नवरात्र के इन दोनों ही कालावधि के समय दिन और रात की लंबाई बराबर होती है। इसी समय पर नवरात्रि का त्यौहार मनाया जाता है। आयुर्वेद मनुष्य के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी के रोग की चिकित्सा आदि सिद्धांतों पर कार्य करता है। नवरात्र में नौ दिन नवरात्रि व्रत, उपवास -जागरण आदि किया जाता है। और शरीर के नौ द्वारों को जागरुक किया जाता है। वैदिक साहित्य में नव द्वार शब्द आया है- नवद्वारे पुरेदेहि। अर्थात -नौ दरवाजों का नगर ही हमारा शरीर है।

शरीर में नौ द्वार होते हैं- दो कान, दो आंख, दो नासाछिद्र, एक मुख और दो उपस्थ इन्द्रि अर्थात मल द्वार मूत्र द्वार। इन नौ द्वारों में छाए अंधकार को अनुष्ठान के माध्यम से एक-एक रात्रि में एक-एक इंद्रियों के द्वार के संबंध में मनन, चिंतन कर यह अनुभव प्राप्त करना, विचार करना चाहिए कि उनमें किस-किस प्रकार की विशेषताएं हैं, आभाएं हैं? तथा उनका किस प्रकार का विज्ञान है? उनसे शरीर के बेहतर संचालन के लिए कैसे कार्य लिया जा सकता है? ऐसे चिंतन, मनन, विचार का समय का नाम नवरात्रि है। इस प्रकार नव द्वार में छाए हुए रात्रि का अर्थ हुआ-अंधकार। अंधकार से प्रकाश में लाने की प्रक्रिया को ही जागरण कहा जाता है। जागरण का अर्थ है- जागरूक रहना। जागरूक रहने वाले मनुष्य के यहाँ रात्रि जैसी कोई वस्तु नहीं होती। रात्रि तो उनके लिए होती है, जो जागरूक नहीं रहते। इसलिए आत्मा से जागरूक हो जाने वाले परमात्मा के राष्ट्र में चले जाते हैं और वे नवरात्रियों में नहीं आते। माता के गर्भस्थल में रहने के नव मास भी रात्रि के ही रूप हैं, क्योंकि वहाँ पर भी अंधकार रहता है, वहाँ पर रूद्र रमण करता है और वहाँ पर मूत्रों की मलिनता रहती है। उसमें आत्मा नवमास तक वास करके शरीर का निर्माण करता है। वहाँ पर भयंकर अंधकार है। इसलिए नौ द्वारों से जागरूक रहकर उनमें अशुद्धता नहीं आने देने वाला मानव नव मास के इस अंधकार में नहीं जाता, जहाँ मानव का जीवन महाकष्टमय होता है। वहाँ इतना भयंकर अंधकार होता है कि मानव न तो वहाँ पर कोई विचार-विनिमय कर सकता है, न ही कोई अनुसंधान कर सकता है और न विज्ञान में जा सकता है। इस अंधकार को नष्ट करने के लिए भारतीय परंपरा में गृहस्थियों में पति-पत्नी को जीवन में दैव यज्ञ अनुष्ठान करने का विधान किया गया है। दैव यज्ञ का अर्थ है- ज्योति को जागरूक करना, जागृत करना। दैविक ज्योति का अर्थ है- दैविक ज्ञान-विज्ञान को अपने में भरण करने का प्रयास करना। वही आनंदमयी ज्योति, जिसका वर्णन वेदों में किया गया है, और जिसको जानने के लिए ऋषि- मुनियों ने प्रयत्न किया। इसमें प्रकृति माता की उपासना की जाती है, जिससे वायुमंडल में वातावरण शुद्ध हो और अन्न दूषित न हो। इस समय माता पृथ्वी के गर्भ में नाना प्रकार की वनस्पतियाँ परिपक्व होती है। इसीलिए विद्वान, बुद्धिजीवी प्राणी माता दुर्गे की याचना करते हैं अर्थात प्रकृति की उपासना करते हुए माता से अपने घर को इन ममतामयी वनस्पतियों से भर देने की प्रार्थना करते हैं।

बहरहाल, नवरात्र का वैदिक स्वरूप बदल गया है, और वर्तमान में प्रतिमा निर्माण कर नवरात्र के प्रथम दिन देवी शैलपुत्री की पूजा देवी पार्वती के रूप में की जाती है। द्वितीय दिन देवी पार्वती के यौवन रूप को प्रतिष्ठित करने वाली ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा होती है। तृतीय दिन प्रशांत स्वरूप को धरण करने वाली देवी चंद्रघंटा की पूजा होती है। चौथे दिन भयंकर और उग्र रूप वाली देवी कूष्मांडा की पूजा की जाती है। पांचवे दिन कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की पूजा होती है। छठे दिन अपनी तपस्या से भगवान विष्णु को प्राप्त करने वाली देवी कात्यायनी की पूजा की जाती है। सप्तमी दिन काली माता के रूप में कालरात्रि देवी की पूजा होती है। अष्टमी के दिन धर्म और भक्ति की प्रतीक देवी महागौरी की पूजा होती है। नवमी के दिन सभी सिद्धियों को देने वाली देवी सिद्धिदात्री की पूजा होती है। नवरात्रि का अंतिम दिन विजयादशमी (दशहरा) होता है, जिसे देवी दुर्गा के विजय का प्रतीक माना जाता है।

## नजरिया

# किसलिए जरूरी है 'एक देश, एक चुनाव' का विचार?

**आर.के. सिन्हा**

'एक देश, एक चुनाव' का सपना अब तो साकार होता नजर आ रहा है। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में सभी चुनाव एक साथ करवाने के लिए बनी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमिटी की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। मतलब यह कि अब देश में 'एक देश, एक चुनाव' की राह का सारा व्यवधान सारा सस्पेंस दूर हो गया है। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने एक वक्तव्य में साफ किया था कि मोदी सरकार के इसी कार्यकाल में देश का यह सबसे बड़ा चुनाव सुधार लागू हो जाएगा। जैसे कि आपको ज्ञात ही होगा कि केंद्र सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में 'एक देश, एक चुनाव' पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी। रामनाथ कोविंद कमिटी को जिम्मेदारी दी गई थी कि वह देश मे एक साथ चुनाव करवाने की संभावनाओं पर रिपोर्ट दे। अब कमिटी की सिफारिशों पर देश की सभी राजनीतिक मंचों पर इस पर चर्चा की जाएगी। सभी नौजवानों, कारोबारियों, पत्रकारों समेत सभी संगठनों से इस पर बात होगी। इसके बाद इसे लागू करने के लिए ग्रुप बनाया जाएगा। फिर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर इसे लागू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस समारोह के दौरान लाल किले से अपने भाषण में भी एक देश एक चुनाव की वकालत की थी। उनका कहना था कि देश में बार-बार चुनाव से विकास कार्य में बाधा आती है। किसी भी चुनाव की घोषणा होते ही अंतिम रिजल्ट नहीं आने तक कोई नया विकास कार्य शुरु ही नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा था कि 'एक देश, एक चुनाव' के लिए देश को आगे आना होगा। उन्होंने देश के सभी राजनीतिक दलों से भी आग्रह किया था कि देश की प्रगति के लिए इस दिशा में आगे बढ़े। यहां तक कि इसी साल हुए लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी प्रमुखता से शामिल किया था।

बेशक, एक साथ चुनाव कराने से चुनाव प्रक्रिया



की चुनाव पर होने वाले खर्च में कमी आएगी, क्योंकि कई चुनावों के लिए बार-बार तैयारी और कार्यान्वयन करने की आवश्यकता नहीं होगी। क्या आपको पता है कि कुछ माह पहले देश में हुए लोकसभा चुनाव में कितना खर्चा हुआ? वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव पर 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले करीब दोगुना से भी ज्यादा खर्चा आया। चुनावी खर्च पर रिपोर्ट जारी करने वाली गैर लाभकारी संस्था सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज ने अनुमान लगाया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल खर्च 55 से 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इस तरह देखा जाए तो इस बार दोगुने से भी ज्यादा पैसा चुनाव में खर्च किया गया है। अमेरिका ने भी साल 2020 में हुए राष्ट्रसपति चुनाव में करीब 1.20 लाख करोड़ रुपये ही खर्च किए थे। क्या आपको पता है कि 1951-52 में भारत के पहले चुनाव के दौरान महज 10.5 करोड़ रुपये था? चुनाव खर्च का एक बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया प्रचार पर खर्च किया जाता है। भारतीय राजनेता मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए असाधारण और नए-नए तरीके अपना रहे हैं।

यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा।क्योंकि, सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर भी काम का दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान बेहतर ढंग से केंद्रित किया जा सकेगा।

यह जानना जरूरी है कि भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आज़ादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आज़ादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार ही चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने मनमाने ढ़ंग से राष्ट्रपति शासन लगा दिया।इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग कर दी गई। वैसे यह बात भी है कि अगर लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराए जाएं तो इसके लिए मौजूदा संख्या से तीन गुना ज़्यादा ईवीएम की ज़रूरत पड़ेगी। लेकिन, वह तो एक बार ही होने वाला खर्च होगा।

क्या बाकी देशों में भी 'एक देश, एक चुनाव' वाली व्यवस्था लागू है? अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा आदि में 'एक देश, एक चुनाव' वाली स्थिति हैं। अमेरिका में हर चार साल में एक निश्चित तारीख को ही राष्ट्रपति, कांग्रेस और सीनेट के चुनाव कराए जाते हैं। भारत की ही तरह फ्रांस में संसद का निचला सदन यानी नेशनल असेंबली है। वहां नेशनल असेंबली के साथ ही संघीय सरकार के प्रमुख राष्ट्रपति के साथ ही राज्यों के प्रमुख और प्रतिनिधियों का चुनाव हर पांच साल में एक साथ कराया जाता है। स्वीडन की संसद और स्थानीय सरकार के चुनाव हर चार साल में एक साथ होते हैं। यहां तक कि नगरपालिका के चुनाव भी इन्हीं चुनावों के साथ होते हैं। वैसे तो कनाडा में हाउस ऑफ कॉमंस के चुनाव हर चार साल में कराए जाते हैं, जिसके साथ कुछ ही प्रांत स्थानीय चुनाव को संघीय चुनाव के साथ कराते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत जैस देश के लिए 'एक देश, एक चुनाव' का विचार बहुत ही उपयुक्त और आदर्श है। पर दिक्कत यह है कि हमारे विपक्षी दल इतने शानदार विचार की बिना सोचे समझे राजनीतिक स्वार्थ साधने के चक्कर में निंदा करने लगे हैं। उम्मीद कीजिए कि वे भी अंत में सरकार का ही साथ देंगे।

(लेखक पूर्व सांसद हैं)

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

तर्पण



कोलकाता में बुधवार को हिंदू 'तर्पण' अनुष्ठान करने के लिए एकत्र होकर गंगा नदी के तट पर 'पितृ पक्ष' के अंतिम दिन तर्पण करते हुए।

## द्वितीय विश्व युद्ध के समय का अमेरिकी बम जापानी हवाई अड्डे पर फटा, 80 उड़ानें रद्द

**टोक्यो/एपी**

द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक अमेरिकी बम एक जापानी हवाई अड्डे पर दफन था, लेकिन बुधवार को उसमें विस्फोट हो गया, जिससे 'टैक्सीवे' में बड़ा गड्ढा हो गया और 80 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जापानी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

भूमि एवं परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी जापान के मियाज़ाकी हवाई अड्डे पर जब बम विस्फोट हुआ, तब वहां कोई विमान नहीं था।

अधिकारियों ने बताया कि आत्मरक्षा बलों और पुलिस द्वारा की गई जांच से पुष्टि हुई है कि विस्फोट 500 पाउंड के अमेरिकी बम से हुआ था और अब कोई खतरा नहीं है। वे यह पता लगा रहे हैं कि अचानक विस्फोट किस वजह से हुआ।

पास के एक एविएशन स्कूल द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में विस्फोट से डामर के टुकड़े हवा में फव्वारे की तरह उछलते हुए दिखाई दिए। जापानी टेलीविज़न पर प्रसारित वीडियो में 'टैक्सीवे' में एक गहरा गड्ढा दिखाई दिया। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि हवाई अड्डे पर 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं तथा उम्मीद है कि बृहस्पतिवार सुबह तक परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना द्वारा गिराए गए कई बम बरामद हुए हैं, जो नहीं फटे हैं।

## बीजिंग में गांधी जयंती समारोह के अवसर पर चीनी कलाकारों और स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति

बीजिंग/भाषा। चीन के विशाल चाओयांग पार्क में बुधवार को गांधी जयंती मनाई गई, जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चों ने मंदारिन भाषा में उनकी शिक्षाओं का उल्लेख किया और बीजिंग के कलाकारों ने उनके पसंदीदा भजन पर ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया। बीजिंग का मनोरम चाओयांग पार्क चीनी स्कूली बच्चों के एक समूह द्वारा मंदारिन भाषा में उनके उपदेशों के पाठ से जीवंत हो उठा। इस पार्क में 2005 में प्रसिद्ध चीनी मूर्तिकार प्रो. युआन शिकुन द्वारा बनाई गयी महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई थी।

इसके बाद बीजिंग की प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना झांग जिंगहुई और उनके दल द्वारा 'वैष्णव जन तो' पर एक भावपूर्ण ओडिसी नृत्य प्रस्तुति दी गयी। भारतीय समुदाय ने नाटक अहिंसा: गांधी मार्ग का मंचन किया, जिसका निर्देशन और लेखन क्रमशः केतकी ठाकर और आयुषी सुगंधी ने किया। राजदूत प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में भारतीय राजनयिकों के अलावा मालदीव में चीनी राजदूत डॉ. फजील नजीब, बीजिंग स्थित भारतीय प्रवासी और महात्मा गांधी के स्थानीय प्रशंसकों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। रावत ने अपने भाषण में महात्मा गांधी की प्रतिमा बनाने के लिए प्रोफेसर युआन शिकुन की सराहना की। यह चाओयांग पार्क में विश्व के महान नेताओं के सम्मान में बनाई गयी पहली प्रतिमा है। उन्होंने यह भी याद किया कि प्रोफेसर युआन ने उनसे कहा था कि वह महात्मा गांधी के दृष्टिकोण से काफी प्रेरित होते हैं। चीन की राजधानी में महात्मा गांधी की प्रतिमा की स्थापना का अपना राजनीतिक महत्व है, क्योंकि गांधी और पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) के संस्थापक माओत्से तुंग ने विपरीत विचारधाराओं के साथ अपने-अपने राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलनों का नेतृत्व किया था। भारत 1947 में ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र हुआ, जबकि माओ के नेतृत्व में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) का गठन 1949 में हुआ।

रावत ने अपने संबोधन में कहा, महात्मा गांधी सिर्फ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नेता ही नहीं थे; वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के मूल्यों का समर्थन किया। यह उचित ही है कि गांधी का जन्मदिन दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाए।

## भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी वैश्विक नौकायन यात्रा पर रवाना हुईं

**पणजी (महाराष्ट्र)/भाषा**

नौसेना की दो महिला अधिकारी बुधवार को गोवा से समुद्र मार्ग के जरिए विश्व भ्रमण के चुनौतीपूर्ण अभियान पर रवाना हुईं, जिसमें आठ महीने की अवधि में 21,600 समुद्री मील की दूरी तय की जाएगी।

दोनों अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. के मई 2025 में गोवा लौटने की उम्मीद है।

इस ऐतिहासिक यात्रा को पणजी के निकट नौसेना महासागर नौकायन नोड, आईएनएस मांडवी से रवाना किया गया तथा दोनों अधिकारी भारतीय नौसेना के नौकायन पोत (आईएनएसवी) तारिणी पर सवार हुईं।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने दक्षिणी नौसेना के कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल वी. श्रीनिवास एवं अन्य की उपस्थिति में इस ऐतिहासिक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के बाद एडमिरल त्रिपाठी ने पत्रकारों से कहा, ''भारतीय नौसेना में यह हम सभी के लिए गर्व का पल है कि नौसेना की दो महिला अधिकारी अपने कौशल, साहस की भावना, निडरता और कठिन परिस्थितियों से लड़ने के लिए एकाग्रता एवं क्षमता का प्रदर्शन करेंगी।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय नौसेना उनके इस रोमांचक सफर पर नजर रखेगी। आज उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की है, इसलिए हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।'' उन्होंने बताया कि इस साहसिक यात्रा के दौरान दोनों महिला नाविक कुछ सबसे खतरनाक जलमार्गों से होकर गुजरेंगी, जिसमें तीन विशाल 'केप' - केप लीउविन, केप हॉर्न और केप ऑफ गुड होप के आसपास का खतरनाक मार्ग भी शामिल है। 'केप', प्रायद्वीप का एक प्रकार होता है, जो सागर में भूमि का एक उभरा हुआ भाग होता है और तीन ओर से पानी से घिरा होता है।

एडमिरल त्रिपाठी ने बताया कि चालक दल में केवल दो सदस्य हैं, लेकिन मिशन भारतीय ध्वज को ऊंचा फहराने का है। उन्होंने बताया कि वे 38,000 समुद्री मील तक यात्रा कर चुकी हैं तथा तीन वर्ष का प्रशिक्षण भी प्राप्त कर चुकी हैं। नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि आठ महीने की अवधि में दोनों अधिकारी बिना किसी बाहरी सहायता के केवल पवन ऊर्जा पर निर्भर रहते हुए 21,600 समुद्री मील से अधिक की यात्रा करेंगी।

छह-सदस्यीय चालक दल की सदस्य के रूप में दोनों महिला अधिकारियों ने पिछले साल एक अंतर-महासागरीय अभियान में हिस्सा लिया था, जो गोवा से केप टाउन होते हुए रियो डि जिनेरियो गया था और वापस आया था।

इसके बाद उन्होंने 'डबल-हैंडेड मोड' में गोवा से पोर्ट ब्लेयर तक और पोर्ट ब्लेयर से गोवा तक की समुद्री यात्रा की थी।

इसके बाद, इस साल की शुरुआत में दोनों महिला अधिकारियों ने गोवा से मॉरीशस के पोर्ट लुईस तक की समुद्री यात्रा भी 'डुअल-हैंड मोड' में सफलतापूर्वक पूरी की थी।

इस अभियान की परिकल्पना भारतीय नौसेना द्वारा 2017 में 'नाविका सागर परिक्रमा' के उद्घाटन के साथ की गई थी। अभियान के तहत छह अधिकारियों के चालक दल ने पहली बार समुद्र मार्ग से दुनिया का चक्कर लगाया था। इस चालक दल में सभी सदस्य महिलाएं थीं।

लैंडिंग



बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के औराई में बुधवार को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक हेलीकॉप्टर में खराबी आने के बाद उसे जलभराव वाले इलाके में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।



## कल रिलीज होगी यश कुमार की फिल्म 'हाथी मेरे साथी'

**मुंबई/एजेन्सी**

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म हाथी मेरे साथी, 04 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म हाथी मेरे साथी, यश कुमार के होम प्रोडक्शन यश कुमार एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाई गई है।यश कुमार ने कहा, फिल्म 'हाथी मेरे साथी' मेरे दिल के बेहद करीब है। यह सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं है, बल्कि इसमें जानवरों और इंसानियत के बीच के रिश्ते को संवेदनशील ढंग से दिखाने की कोशिश की गई है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी और वे इसके संदेश को समझेंगे। पूरी टीम ने फिल्म के लिये कड़ी मेहनत की है। मैं आभारी हूं कि मेरे प्रशंसक हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और इस फिल्म के लिए भी मुझे उनसे वैसा ही प्यार और समर्थन मिलेगा। फिल्म के निर्देशक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि हाथी मेरे साथी एक दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें दमदार एक्शन के साथ-साथ जानवरों और इंसानियत के संवेदनशील पहलुओं को बखूबी दर्शाया गया है।

फिल्म हाथी मेरे साथी में यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता, अमित शुक्ला, बालेश्वर सिंह, सूर्या द्विवेदी, और पूजा गुप्ता जैसे कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।फिल्म की पटकथा और संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखे हैं, जबकि जहांगीर सैय्यद ने इसकी सिनेमैटोग्राफी की है। फिल्म के एडिटर गुरजंट सिंह हैं, और नृत्य निर्देशन प्रवीण शेलार ने किया है। संगीत मुन्ना दुबे ने तैयार किया है, और गानों के बोल राजेश मिश्रा और शेखर मधुर ने लिखे हैं। गायक आलोक कुमार, प्रियंका सिंह, और जतिंद्र सिंह हैं।



चुनाव प्रचार


कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को जींद में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले जुलाना में चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी उम्मीदवार विनेश फोगट के साथ।

## गोविंदा ठीक हैं, जल्द मिल सकती है अस्पताल से छुट्टी : सुनीता आहूजा

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलवुड स्टार गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने ने कहा है कि गोविंदा की तबीयत ठीक है और उन्हें जल्द हीं अस्पताल से छुट्टी मिल सकती हैं। सुनीता आहूजा ने गोविंदा के स्वास्थ्य की जानकारी दी है।सुनीता आहूजा ने कहा, 'सर (गोविंदा) की तबीयत ठीक है। आज उन्हें नॉर्मल वॉर्ड में एडमिट करेंगे। कल से बहुत बेहतर हैं। मुझे लगता है कि कल या परसों डिस्चार्ज भी कर देंगे।सभी के आशीर्वाद से फैन्स की प्रार्थना से सर एक दम ठीक हो गए हैं। सर के लिए हर जगह पूजा प्रार्थना चल रही है। उनकी हर जगह बहुत फैन फॉलोइंग है । दरगाह में मंदिरों में हर जगह पूजा प्रार्थना चल रही है। आप लोग परेशान मत होइए। सर एक दम ठीक हैं। कुछ महीने बाद सर डांस करने लगेंगे, धन्यवाद।' गौरतलब है कि गोविंदा कल सुबह पांच बजे कहीं जाने की तैयारी कर रहे थे, वह जब अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर को साफ कर रहे थे, तभी दुर्घटनावश गोली चल गयी जो उनके घुटने में लगी। घटना के समय वह अपने जुहू स्थित घर पर अकेले थे। उन्हें क्रिटिकेयर अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया। गोविंदा ने अपने प्रशंसकों को बताया था कि उनकी हालत अब स्थिर है और उनके पैर में लगी गोली को सफलतापूर्वक सर्जरी से निकाल दी गयी है।एक ऑडियो संदेश में, गोविंदा ने अपने प्रशंसकों को अपनी स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए कहा, नमस्कार, प्रणाम मैं हूं गोविंदा। आप सब लोगों के आशीर्वाद और माता-पिता के आशीर्वाद और गुरु की कृपा से, जो गोली लगी थी, अब वह निकाल दी गई है। मैं धन्यवाद देता हूं यहां के डॉक्टर का। आदरणीय डॉक्टर अग्रवाल जी का और आपलोगों के लिये प्रार्थना के लिये। बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। प्रणाम।



## वेबसीरीज 'गांधी' का संगीत तैयार करेंगे ए.आर. रहमान

**मुंबई/एजेन्सी**

ग्रैमी पुरस्कार विजेता, दिग्गज संगीतकार ए.आर. रहमान बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज गांधी का संगीत तैयार करेंगे। गांधी जयंती के अवसर पर, भारत के अग्रणी कंटेंट स्टूडियो में से एक अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि ग्रैमी पुरस्कार विजेता, संगीत के दिग्गज ए.आर. रहमान उनकी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज, गांधी के लिए संगीत तैयार करने के लिए ऑनबोर्ड पर आए हैं। वेबसीरीज गांधी का निर्देशन हंसल मेहता करेंगे। अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक समीर नायर ने कहा, गांधी सिर्फ एक सीरीज नहीं है, यह मानवीय भावना के विजय पर एक वैश्विक कथा है। ए.आर. रहमान का संगीत इस प्रतिष्ठित कहानी को दुनिया भर के दर्शकों के साथ गुंजायमान करने के लिए एक भावपूर्ण आयाम प्रदान करेगी। रहमान के स्कोर के साथ, मेरा मानना है कि हम वास्तव में कुछ खास बना रहे हैं, एक ऐसी श्रृंखला जो मनोरंजन भी करती है और प्रेरित भी करती है।

ए.आर. रहमान ने कहा,गांधीजी के युवा जीवन को देखना एक रेवलेशन है, सत्य, जीवन और कई अन्य चीजों के साथ उनका एक्सपेरिमेंट उनके किरदार के विकास को दर्शाता है। मैं अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट के सहयोग से और हंसल मेहता के स्पष्ट निर्देशन में इस कहानी के लिए संगीत देने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हंसल मेहता ने कहा, गांधी एक ऐसी कहानी है,जो पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है। ए.आर. रहमान का इस यात्रा में हमारे साथ शामिल होना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है। उनके संगीत में कहानी कहने की कला को ऊंचा उठाने की अनूठी क्षमता है। गांधी के जीवन की भावनात्मक और आध्यात्मिक बारीकियों को सामने लाने के लिए उनसे बेहतर और कोई नहीं है।

## वेबसीरीज 'डायनेस्टी' में काम करेंगी रवीना टंडन

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रवीना टंडन वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करने जा रही है। रवीना टंडन इस शो में मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि दिग्गज गायक-अभिनेता तलत अज़ीज़ भी एक अहम किरदार निभाएंगे। कहा जा रहा है कि वेबसीरीज डायनेस्टी का निर्देशन साहिल संघा कर रहे हैं। रवीना टंडन इस वेबसीरीज की स्टार कास्ट के साथ अक्टूबर के दूसरे भाग में शूटिंग शुरू करेंगी। इस वेबसीरीज का बड़ा हिस्सा दिल्ली में शूट किए जाने की संभावना है।

## भूमि पेडनेकर ने 'दलदल' की शूटिंग पूरी की

मुंबई/एजेन्सी। बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी आने वाली वेब सीरीज 'दलदल' की शूटिंग पूरी कर ली है। अमृत राज सिंह निर्देशित वेब सीरीज दलदल में भूमि पेडनेकर एक पुलिस अधिकारी रीता की भूमिका में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर भावुक नोट लिखा। उन्होंने लिखा, 'बेशक, मेरे सबसे मुश्किल पात्रों में से एक है यह, मैं नर्वस हूं। मुझे शो में ऐसे शानदार कलाकारों और रचनाकारों के साथ काम करने का अवसर मिला। हमने मुंबई के मानसून का सामना किया, सबसे कठिन परिस्थितियों में शूटिंग की और फिर भी हमारा उत्साह कभी कम नहीं हुआ। हम सभी को बधाई। भूमि पेडनेकर ने बताया कि दलदल एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो एक महिला होने के सभी गुणों को दर्शाता है। रीता एक सुपर अचीवर है, , एक पुरुष की दुनिया में नियमों को फिर से लिखने वाली है। वह महत्वाकांक्षी है, अपने काम के प्रति जुनूनी है और आगे बढ़कर नेतृत्व करती है।

## 'साझा सिंदूर' में काम करने को लेकर संगीता घोष ने शेयर किया अपना अनुभव

**मुंबई/एजेन्सी**



शो की शूटिंग के अनुभवों पर बात करते हुए अभिनेत्री संगीता घोष ने कहा कि टीवी पर ऐसे नाटकीय दृश्य इतने सफल क्यों होते हैं। संगीता ने कहा, मेरे पहले कई अन्य टीवी शो में भी ऐसे ही दृश्य थे जिन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया और मुझे लगता है कि इस तरह के सीन कलाकारों की असली प्रतिभा को सामने लाते हैं। भले ही वे स्क्रीन पर अलग दिखते हों, लेकिन हमने उन्हें बहुत खुशी के साथ शूट किया और सेट पर खूब मस्ती की।'' उन्होंने आगे कहा, '' आप इन पलों को सभी कलाकारों के सहयोग और केमिस्ट्री के बिना फिल्मा नहीं सकते, क्योंकि जब सभी की ऊर्जा एक साथ आती है, तभी जादू होता है।'' अभिनेत्री ने कहा कि टेलीविजन इंडस्ट्री में इस तरह के सीन इसलिए बनाए जाते हैं क्योंकि लोग वास्तव में इन्हें देखना पसंद करते हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे लगता है कि यही बात उन्हें इतना लोकप्रिय बनाती है। ये दृश्य न केवल हमें मनोरंजन करने का मौका देते हैं बल्कि हमें खुद को चुनौती देने और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका भी देते हैं। सन नियो पर प्रसारित होने वाला शो साझा सिंदूर फूली के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है। पिछले महीने संगीता ने आईएएनएस से बातचीत में हाल के दिनों में इस क्षेत्र में आए बदलावों के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था, सच कहूं तो मैं कई सालों से टेलीविजन में काम कर रही हूं। बदलाव आते रहते हैं। मुझे लगता है कि कंटेंट के मामले में हम पहले बेहतर थे और अब ये चीजें पेशेवर हो गई हैं लेकिन, पहले जो पारिवारिकता थी, वो कम हो गई है। पेशेवर होने के नाम पर लोग थोड़े आलसी हो गए हैं।'' संगीता ने कहा, लेकिन, मैंने जहां भी काम किया है, वहां मेरे संबंध बहुत पुराने हैं। इसलिए, मैंने इसका भरपूर आनंद लिया है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जो व्यक्ति प्राकृतिक जीवन जीता है, वह अपने आप में ऐश्वर्य पूर्ण जीवन जीता है। यह प्रकृति मानवीय मन को समृद्ध बनाने वाली है। उसी प्रकृति के रूप में कोई भाषा है तो वह प्राकृत भाषा है। प्रकृति सबको स्वीकार करती है। प्राकृतिक सौन्दर्य का आनंद ही कुछ और है, वह अनुभव होता है। वह दिल में प्रसन्नता भर देता है। प्राकृत भाषा में अलग ही चमक रही हुई है। हमारे आगम उसी प्राकृत भाषा में लिखे गए। प्राकृत भाषा बोलने, सुनने में बहुत मधुर है। परमात्मा के समय में वही बोली मातृभाषा के रूप में बोली जाती थी। हमारा कर्तव्य बनता है कि प्राकृत भाषा के प्रति प्रेम होना ही चाहिए।

# देव गुरु और धर्म तत्व हमारे जीवन को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं : महासती मलयाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी के जन्मोत्सव के दूसरे दिन महासती मलयाश्री जी ने गुरु से ही जीवन शुरू शीर्षक पर गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु शिष्य को अपने समान बना देते हैं। गुरु का शिष्य के प्रति लगाव होता है। गुरु की कृपा हो जाए तो सूखा वन भी नंदन वन के समान बन जाता है। जिस प्रकार पतंग की असली ताकत धागा है, उसी प्रकार हमारे जीवन की ताकत गुरु है। हमें आगे बढ़ने की क्षमता गुरु से ही प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा देव गुरु और धर्म, ये तीन तत्व हमें जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा प्रेम सभी से करो, विश्वास किसी किसी पर ही करो लेकिन अनुसरण एक का ही करो और वह है गुरु। भरत क्षेत्र में अरिहंत परमात्मा का ज्ञान और धर्म का अनुसरण गुरु द्वारा ही हो सकता है। हम युवाचार्य, जो हमारे गुरु है, उनके पदचिन्हों पर चलें। गुरु कृपा से ही उन्हें सब कुछ प्राप्त हुआ है। युवाचार्य भगवंत के ऊपर गुरु का वरदहस्त है। उस कृपा का हमें भी लाभ लेना है। उनका व्यक्तित्व, उनकी निर्मलता हमारे जीवन में लाने का प्रयास करना चाहिए। गुरु के सान्निध्य में ही शिष्य का जीवन संवरता है। गौतम स्वामी की अष्टापद पर्वत पर चढ़ने की ताकत देखकर वहां उपस्थित तपस्वी आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने इस प्रश्न के उत्तर में तापसियों से कहा कि मैंने गुरु की ताकत को प्रकट कर ही अष्टापद यात्रा करने में सक्षम हुआ हूं। यह है गुरु की ताकत।

महासतीजी ने कहा कि जिनके जीवन में गुरु की कृपा नहीं, उनका जीवन शुरू नहीं। गुरु की कृपा के बिना हमारी साधना सफल नहीं हो सकती। गुरु के सान्निध्य के बिना पाप नहीं धुल सकते। गुरु हमें ज्ञान की बात सिखाते हैं। गुरु हमें सिखाते हैं एकजुट रहो। एकजुट रहोगे तो शक्ति, ताकत मिलेगी। गुरु के समान हमें बनना है, उनके समान गुण प्राप्त करना है तो गुरु का सान्निध्य जरूरी है। गुरु की कृपा के बिना जीवन का हर कोना खाली हैं। गुरु विश्व का उज्ज्वल किनारा है। युवाचार्य भगवंत के जन्मोत्सव पर हम एकजुट होकर आगे बढ़ें। गुरु के प्रति समर्पण का भाव रखें और संघ, समाज को आगे बढ़ाएं। युवाचार्यश्री के जन्मोत्सव के दूसरे दिन गोल्डन एकासना, एवं दोपहर में अंतराक्षरी का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई। यहां माधावरम् स्थित आदिनाथ आशीर्वाद अपार्टमेंट के जैन परिवारवासियो द्वारा संचालित आदिनाथ सामायिक ग्रुप के 20 परिवारवासियों के सौजन्य से बुधवार को पितृ अमावस के उपलक्ष्य मे मरीना बीच के पास कबूतरों को बाजरी एवम मक्खी का दाना डाला गया और उसके बाद अयनावरम स्थित पिंजरापोल मे गौ माता को हरी घास खिलाई गई। पर्युषण पर्व के दरमियान इकट्ठा की गई जीव दया की रकम से यह पुण्य का कार्य हुआ। 20 परिवार के तकरीबन 50 सदस्यों ने अपनी अपनी सेवाए दी। हसमुख रांका, प्रेम बाफना, विकास बम्ब, सज्जनराज बोथरा, प्रमोद बाफना, जितेंद्र जैन, रंजित रांका, सुगनचंद सांखला, महेंद्र जैन, महावीर कोठारी, विनोद बाफना, उत्तम कोठारी, दिलीप बोहरा, महावीर बोरुंडिया, महेश छाजेड़, राजकुमार सांड, दीपक खजांची, संतोष डोसी, किशोर रुनवाल एवम राजेश जैन आदि ने कड़ी धूप मे कबूतरों एवम गौ माता के लिए तन, मन, धन से सेवा देकर पुण्य अर्जित किया।




# भारत स्वच्छ अभियान के तहत पार्क में सफाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां आरएसपुरम् स्थित मुथुन कुलम स्मार्ट सिटी पार्क में बुधवार को गांधी जयंती के उपलक्ष में मानव उत्थान सेवा समिति कोयंबतूर इकाई ने भारत स्वच्छ अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया। गुरुदेव श्री सत्यपाल महाराज के निर्देश और आशीर्वाद से माता अपरिता बाईजी के नेतृत्व में समिति के महिला पुरुष और युवाओं ने हाथ में झाड़ू और अन्य सफाई उपकरणों के उपयोग करके सुबह से सफाई अभियान चलाया।

# विप्र फाउंडेशन के स्फटिक जयंती वर्ष में खिलेंगे 11 सेवा पुष्प

- जयपुर, उदयपुर, बीकानेर, भरतपुर, अलवर , रायपुर में सेवा प्रकल्प
- परशुराम कुंड (अरुणाचल) पर 54 फीट मूर्ति स्थापना भी जयंती वर्ष में, दिल्ली और ऋषिकेश में भी होंगे वृहद आयोजन
- शारदीय नवरात्रि से जयंती वर्ष का शुभारंभ, पहला कार्यक्रम तिरुपति में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता। विप्र फाउंडेशन अपनी स्थापना के सफल पन्द्रह वर्ष पूर्ण होने पर 2024-25 को स्फटिक जयंती वर्ष के रूप में मनाएगा। इस दौरान शारदीय नवरात्र से अगले वर्ष अनंत चतुर्दशी तक विप्र फाउंडेशन परिवार द्वारा समाजोत्थान के 11 सेवा पुष्प अर्पण किए जाएंगे। यह घोषणा करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी ने बताया कि इन सेवा पुष्पों में जयपुर में श्री परशुराम ज्ञानपीठ का लोकार्पण, अरुणाचल प्रदेश स्थित परशुराम कुंड पर भगवान श्रीपरशुराम की 54 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण, तिरुपति में सुख-साधन भंडार के मुख्यालय एवं अलवर, सिलीगुड़ी और इंदौर में वितरण केंद्रों का शुभारंभ, रायपुर में विप्र फाउण्डेशन के संरक्षक सत्यनारायण शर्मा के नाम से सेवाश्रम का निर्माण, बीकानेर में प्रज्ञान भवन का शिलान्यास, भरतपुर में श्री गिरिराज महाराज छात्रावास भूमि पूजन, मुंबई में रोजगार केन्द्र की स्थापना, इंद्रप्रस्थ दिल्ली में श्री अभ्युदय उत्सव प्रकल्प, गोनेर में सर्वसमाज जनेऊ संस्कार पर्व एवं ऋषिकेश में विप्र जयघोष कार्यक्रम शामिल हैं। इस कड़ी में सबसे पहले 4 अक्टूबर को तिरुपति में सुख-साधन भंडार के मुख्यालय का शुभारंभ होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूरत में विप्र गौरव भवन के विस्तार उपरांत अब कोलकाता मुख्यालय केशर कुँज तथा उदयपुर में विप्र कॉलेज परिसर को भी और अधिक उपयोगी बनाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

विफा केंद्रीय प्रकल्प समिति के चेयरमैन महावीर प्रसाद शर्मा ने इन समाजोत्थान के कार्यों को अब तक की सबसे वृहद सेवा श्रृंखला बताते हुए कहा कि हमारे स्फटिक जैसे उज्ज्वल व पारदर्शी साथी कार्यकर्ताओं की कर्मनिष्ठा ने हमें ऐसी विराट कर्मसूची के लिए प्रोत्साहित किया है। इन सेवा कार्यों को करने के पीछे संस्था का ध्येय उन्नत समाज-समर्थ राष्ट्र प्रमुख रूप से हैं।



# मंड्या तेरापंथ भवन में मनाया गया अणुव्रत अहिंसा दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंड्या। यहां तेरापंथ भवन में विराजित साध्वी श्री संयमलताजी के सान्निध्य में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के अंतर्गत अहिंसा दिवस मनाया गया। साध्वीश्री ने कहा कि जिंदगी एक प्रतियोगिता है और इस प्रतियोगिता में हम सभी ने भाग लिया है, अगर जीतना है तो संसार के हर प्राणी की संवेदना का सम्मान करें । हर प्राणी को आत्म तुल्य माने जो अपनी आत्मा के समान सबको मानता है, वह अहिंसा का जीवन जी सकता है। हिंसा स्वयं एक समस्या है अनेक समस्याओं को जन्म देने वाली समस्या है। भगवान महावीर ने कहा कि किसी को मारो मत, सताओ मत, पीड़ा मत दो जब हमारे भीतर करुणा का विकास होगा, क्षमता का विकास होगा तो स्वत अहिंसामय जीवन बन जाएगा। साध्वी रौनक प्रभा जी ने कहा, व्यक्ति स्थूल हिंसा से तो बचता है परंतु सूक्ष्म हिंसा करता है, परिवार में बच्चों के साथ बुजुर्गों के साथ गलत व्यवहार भी हिंसा है। स्वयं एवं परिवार को सुखी एवं समृद्ध बनाना चाहते हैं तो मानसिक एवं सूक्ष्म हिंसा से बचे।

## स्वच्छता अभियान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




कोयंबतूर के उपनगर पीलेमेडू रेल स्टेशन पर बुधवार को गांधी जयंती के उपलक्ष पर स्वामी विवेकानंद सेवा केंद्र के सेवकों द्वारा स्वच्छ अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं और युवतियों ने अपने केन्द्र की गणवेश में पूरे स्टेशन की सफाई की।



# हाई लाइफ ज्वेल्स में दिखेगी फैशन के साथ शानदार आभूषणों की चमक

## आगाज 4 अक्टूबर को ताज वेस्ट एंड में होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारत के मशहूर ज्वेलरी शो 'हाई लाइफ ज्वेल्स' का आग़ाज़ 4 अक्टूबर को बेंगलूरु के ताज वेस्ट एंड में होगा। यह तीन दिवसीय आयोजन है, जो 6 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इसके आयोजकों ने कहा कि मंत्रमुग्ध होने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि हाई लाइफ ज्वेल्स अपना विशेष शोकेस लेकर आ रहा है। इस लक्जरी इवेंट में आकर्षक आभूषणों का शानदार संग्रह पेश किया जाएगा। यहां क्लासिक्स से लेकर समकालीन डिजाइन तक, हर आभूषण को खास तौर से तैयार किया गया है।उन्होंने कहा कि चाहे आप स्टेटमेंट ज्वेलरी की तलाश कर रहे हों या किसी और प्रकार की, हाई लाइफ ज्वेल्स का अनूठा संग्रह आपको भरपूर अवसर देगा। आप हाई लाइफ ज्वेल्स से जुड़कर हर आभूषण के पीछे छिपी उच्च स्तर की कलात्मकता और प्रतिभा के बारे में जान सकेंगे। आयोजकों ने कहा कि यह बेंगलूरु में बेहतरीन आभूषणों से रू-ब-रू होने का अवसर है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## स्वास्थ्य शिविर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर श्रीरामपुरम द्वारा शंकरमठ सर्कल स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान में नि:शुल्क मधुमेह एवं ब्लड प्रेशर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 67 लोगों ने परीक्षण करवाया। तेयुप राजाजीनगर अध्यक्ष कमलेश चोरड़िया, राजेश देरासरिया, हरीश पोरवाड़, मुकेश भंडारी, विक्रम बोहरा एवं ललित मुणोत ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

# श्रद्धावान व्यक्ति ही अच्छा ज्ञानी बन सकता हैं : विनयमुनि

**बेंगलूरु।** शहर के श्वेतांबर स्थानकवासी जैन बावीस संप्रदाय संघ के तत्वावधान में गणेश बाग में विनयमुनिजी खींचन ने नंदी सूत्र की प्रवचन माला की विवेचना करते हुए कहा कि ज्ञान प्रत्येक आत्मा का निज गुण है, ये बाहर से नहीं, भीतर में प्रगट होता जाता है, बशर्त है योग्य सहायक ज्ञानी के निमित्त से भीतरी मति खुलती जाती है। जिन आत्माओं पर आवरण मंद या नहीं वत् होता है वे शीघ्र सबोध प्राप्त कर लेते हैं। श्रद्धा वा लभते ज्ञानं अर्थात श्रद्धावान शीघ्र ही अच्छा ज्ञानी बन जाता है। नंदी सूत्र मति ज्ञान से शुरू होकर सर्वज्ञता तक पहुंचाने मे चारित्र संपन्नता होनी अति आवश्यक है।

संघ प्रवक्ता राजू सकलेचा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।महामंत्री संपतराज मांडोत ने आभार व्यक्त किया।

# राज्यपाल रवि राजभवन को 'राजनीतिक' भवन में बदल रहे हैं : तमिलनाडु मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। तमिलनाडु के कानून मंत्री एस. रेगुपथी ने बुधवार को यहां आरोप लगाया कि आर.एन. रवि एक राजनीतिक नेता की तरह काम कर रहे हैं और यह भूल रहे हैं कि वह राज्यपाल हैं। मंत्री ने आरोप लगाया, वह राजभवन को राजनीतिक भवन में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह राज्य भाजपा मुख्यालय कमलयम' के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है।

राज्यपाल को केंद्र और राज्य के बीच अच्छे संबंध बनाने चाहिए लेकिन रवि की गतिविधियां कई मायनों में संबंधों को तोड़ने के बराबर हैं। वह ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे वह ऑनलाइन रम्मी के ब्रांड एंबेसडर और नीट के पीआरओ (जनसंपर्क अधिकारी) हैं। राज्यपाल रवि द्वारा मंगलवार को गांधी मंडपम परिसर के दौरे के दौरान शराब की बोतलें' मिलने पर निराशा व्यक्त करने पर मंत्री ने कहा कि सरकार स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने जब स्वच्छता ही सेवा पहल के तहत मंडपम का दौरा किया था।

रेगुपथी ने कहा, राज्यपाल के साथ एक कैमरामैन गया था और शराब की बोतल उसे और रवि को दिख रही थी... एक बोतल मिली थी और उनका कहना है कि यह शराब की बोतल थी।



# महात्मा गांधी और आचार्यश्री तुलसी के विचार समान थे : साध्वीश्री उदितायशा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निर्देशन में स्थानीय अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह का द्वितीय दिवस को अहिंसा दिवस के रुप में मनाया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष देवराज रायसोनी ने उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं श्रद्धालु का स्वागत किया । तेरापंथ सभा, गांधीनगर के उपाध्यक्ष विनय बैद ने अपने विचारों में अणुव्रत की आचार संहिता के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा साध्य अगर शुद्ध है तो अवश्य ही साधना भी शुद्ध होनी चाहिए । साध्वीश्री संगीतप्रभाजी ने कहा कि अणुव्रत की शुरुआत संवत 2005 में गुरुदेव तुलसी ने की थी । अणुव्रत को धर्म के साथ तो जोड़े लेकिन संप्रदाय के साथ ना छोड़े। साध्वीश्री उदितयशाजी ने धर्म सभा को प्रेरणा देते हुए कहा कि अणुव्रत सप्ताह के इस दिन अहिंसा को अपने जीवन में अपनाएं । आज गांधी जयंती के दिन महात्मा गांधी के जीवन को अणुव्रत का जीवन कहा जा सकता है। गांधी जी और आचार्य तुलसीजी के विचार समान थे।

आगम में अहिंसा को 'माता' की उपमा दी ।कार्यक्रम का संचालन मंत्री हरकचंद ओस्तवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान अणुव्रत प्रबोधन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया ।






# सिद्धार्थ सांस्कृतिक समिति ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

बेंगलूरु / दक्षिण भारत। स्थानीय सिद्धार्थ सांस्कृतिक समिति एवं राजेंद्र बाबू मेमोरियल ट्रस्ट बिहार भवन के संयुक्त तत्वावधान में प्रिंसेस श्राइन सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। समिति अध्यक्ष केके सिंह (कुमार बाबू) ने अपने संबोधन में कहा कि सम्पूर्ण देश वासियों को उनकी वाणी और कार्य को आत्मसात करना चाहिए। आज देश जिस परिस्थितियों से गुजर रहा है अगर हम उन्हें याद करते और उनके बताए मार्ग पर चलते रहेंगे तभी देश में शांति और समृद्धि आएगी, समाज की उन्नति होगी । उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने भाव को प्रकट किया तथा दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पण किए।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.